- खगड़िया संस्करण
- वर्ष: 5
- अंक: 159
- मूल्य ₹ 2.00
- पृष्ठ 06
- Reg: UDYAM-BR-17-0007168

दैनिक
# बिहार पत्रिका
सच के साथ

दैनिक बिहार पत्रिका DAINIK BIHAR PATRIKA

पटना। रसोमवार, 21 अक्टूबर 2024 web_dainikbiharpatrika.com Email_ dainikbiharpatrika@gmail.com


## सड़क से दरगाह हटाने को लेकर भाजपा नेता ने डीएम को लिखा पत्र



• दैनिक बिहार पत्रिका / समस्तीपुर

**विद्यापतिनगर।** प्रखंड से होकर गुजरने वाली निर्माणाधीन एनएच 122बी पथ पर अतिक्रमण हटाने में स्थानीय प्रशासन के पक्षपात पूर्ण रवैया को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा को एक पत्र लिखकर शीघ्र अतिक्रमण खाली कराने की मांग की है। इस बाबत पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि बजरंगी चौक से हरपुर बोचहा तक निर्माणाधीन एनएच 122बी पथ के दौरों लेन का सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जिससे गाड़ियों की रफ्तार बढ़ गई है, लेकिन बीच सड़क पर दरगाह रहने के कारण आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है। वहीं धार्मिक आस्था का हवाला देकर कतिपय लोगों द्वारा वाहन चालकों तथा यात्रियों से अवैध वसूली की जाती है। यही वजह है कि एक धर्म विशेष के लोगों के दबाव में इस मजार को अबतक नहीं हटाया जा सका है। वहीं सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय प्रशासन और निर्माण एजेंसी के द्वारा बड़े पैमाने पर अतिक्रमण खाली कराए गए हैं। अतिक्रमण खाली कराने के दौरान प्रखंड क्षेत्र के बढ़ौना से शेरपुर तक कई धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों को हटाया जा चुका है। वहीं वाजिदपुर पंचायत अंतर्गत शनिचरा भूंया स्थान के समीप बीच सड़क पर एक धर्म विशेष का दरगाह (मजार) बना है, जिसे स्थानीय प्रशासन की दोहरी नीति और पक्षपात पूर्ण रवैया के कारण अबतक नहीं हटाया जा सका है। श्री सिंह ने कहा कि ताज्जुब की बात यह है कि इसी स्थान पर हिन्दुओं का पौराणिक धार्मिक स्थल शनिचरा भूंया स्थान भी था, जो सड़क के किनारे था। उसे करीब 10 माह पूर्व ही तोड़कर हटा दिया गया है, लेकिन बीच सड़क पर बने मजार पर प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने जिला प्रशासन को आगाह किया है कि यदि शीघ्र इस अतिक्रमण को खाली नहीं कराया गया तो, क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के एक अक्टूबर के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि न्यायालय ने साफ किया है कि सार्वजनिक सुरक्षा सर्वोपरि है, कोई भी धार्मिक संरचना चाहे वह मंदिर हो या मस्जिद, यदि बीच सड़क पर है, तो उसे हटाया जाना चाहिए।

## दिवाली को लेकर सजने लगी दुकानें, बाइक की मांग बढ़ी

• दैनिक बिहार पत्रिका / समस्तीपुर




**विद्यापतिनगर।** धनतेरस और दीपावली को लेकर प्रखंड क्षेत्र में बाजार सजने लगी है। बड़ी संख्या में ग्राहक कपड़े, वर्तन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ-साथ दो पहिया वाहनों की खरीददारी में जुट गए हैं। ऐसे में प्रखंड अंतर्गत बजरंगी चौक पर स्थित शंभू टीवीएस दोपहिया वाहनों के शौकीन ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर की बरसात करने को तैयार हैं। शोरूम की माने तो टीवीएस बाइक की खरीद पर ग्राहकों को ₹15 हजार तक की छूट के साथ कई प्रकार के आकर्षक ऑफर का लाभ भी दिया जा रहा है। शंभू टीवीएस के व्यवस्थापक आकाश सोनी व अंकिता सोनी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लोक आस्था के महापर्व छठ तक टीवीएस बाइक की खरीदारी पर 45 सौ रुपए से लेकर 15 हजार रुपए तक की विशेष छूट दी जा रही हैं। इसके अलावा प्रत्येक गाड़ी की खरीद पर आकर्षक उपहार के साथ हेलमेट, चांदी का सिक्का, डिनर सेट, डिक्री आदि के साथ मिठाई का डिब्बा ग्राहकों को दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शोरूम में सभी ग्राहकों के लिए फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा ग्राहकों के पसंद के अनुसार सभी प्रकार की बाइक विभिन्न रेंज व सभी रंगों में उपलब्ध है, जहां अग्रिम बुकिंग भी की जा सकती है। विदित हो कि क्षेत्र में शंभू टीवीएस के शोरूम के खुले अभी 6 महीने ही हुए हैं, लेकिन ग्राहकों के विश्वास और भरोसा के बल पर शोरूम लगातार ऊंचाइयों को छू रहा है। अभी हाल ही में निकटवर्ती मोहिउद्दीन नगर प्रखंड के बलुआही में राजश्री टीवीएस के नाम से नया शोरूम खोला गया है, ग्राहकों को सभी प्रकार के ऑफर का लाभ वहां भी दिया जा रहा है।

## तरारी में पार्टी की जीत निश्चित है : प्रियरंजन युवराज

## सारण जिला संयोजक के नेतृत्व में जनसुराज के नेता आरा चुनाव प्रचार के लिए रवाना

• दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा



बिहार में विधानसभा उपचुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। वहीं आरा के तरारी विधानसभा सीट के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना और परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। चुनावी तारीखों के ऐलान के बाद से ही सभी राजनीतिक दलों में हलचल तेज हो गई है,इसी क्रम में जन सुराज के जिला संयोजक प्रियरंजन युवराज के नेतृत्व में इस उपचुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने जनसुराज के दर्जनों नेता आरा रवाना हुए । आरा प्रस्थान के पूर्व प्रियरंजन युवराज ने कहा कि तरारी के इतिहास में पहली बार किसी राष्ट्र स्तरीय योग्य व्यक्ति को किसी राजनीतिक दल ने चुनाव में प्रत्याशी बनाया है। वह पार्टी है जनसुराज, जिसकी चर्चा आज पुरे देश में हो रही है। युवराज ने कहा कि रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल एसके सिंह देश के पहले फील्ड मार्शल मानेक शॉ के साथ अंतिम समय में साथ थे। उनकी सियाचिन में भी पोस्टिंग रह चुकी है। आर्मी कमांडर बन कर जयपुर में भी सेवा चुके है तथा उत्तराखंड की त्रासदी के वक्त भी लोगों को जान बचाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई।एसके सिंह से अधिक योग्य और सेवा के लिए समर्पित प्रत्याशी कोई नही है इसलिए तरारी में जनसुराज की जीत निश्चित है। युवा जोनल प्रभारी संतोष कुमार सिंह,राजनन्दन यादव सहित दर्जनों नेता चुनाव प्रचार के लिए आरा रवाना हुए ।

## कुरियर कंपनी से लूटे गए सामान के साथ अपराधी गिरफ्तार

• दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा



मुफस्सिल थाना पुलिस ने ब्लु डार्ट कुरियर कंपनी से लूटे गए सामान के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया। जिसके पास से लूट का माल के साथ 27 जिंदा कारतूस एवं एक मैगजीन बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधी मुफस्सिल थाना क्षेत्र का राहुल कुमार है,इस संदर्भ में मुफस्सिल थानाध्यक्ष विशाल आनंद ने बताया कि मुफस्सिल थाना अंतर्गत बीते 12 अक्टूबर को मढ़िया मोड़ स्थित ब्लू डार्ट कूरियर कंपनी दुकान से तीन अपराधियों ने पंद्रह हज़ार नगद समेत अन्य सामान की लूट की घटना को अंजाम दिया था।जिसके बाद पुलिस को सीसीटीवी व सर्विलांस के आधार पर अभिषेक सिंह,गोलू सिंह तथा दिव्यांश कुमार को इस लूट की घटना में शामिल होने की बात सामने आई। जिसके बाद पुलिस ने इन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी, इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर राहुल कुमार, जो अभिषेक सिंह का किरायेदार है उसकी भूमिका सामने आई। राहुल के कमरे में ही लूटे गए सभी सामानों का बंटवारा किया गया था।इसके साथ ही राहुल को भी लूट का एक हिस्सा दिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने दबिश देते हुए राहुल को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो यह बात सामने आई की अभिषेक सिंह अपने घर के तहखाना में ही लूट के सारे सामान व कारतूस को रखा है।
पुलिस ने जब तहखाना की तलाशी ली तो वहां से 27 गोली व एक खाली मैगजीन समेत लूट के समान को भी बरामद किया गया।

## इमामगंज से हम ने दीपा मांझी को दिया टिकट

• दैनिक बिहार पत्रिका/ गया


संतोष कुमार सुमन की पत्नी हैं।

**गया।**हम पार्टी ने इमामगंज सीट पर तय किया अपना उम्मीदवार। रविवार को केन्द्रीय मंत्री जीतन राम माँझी ने दिया दीपा मांझी को दिया गया सिंबल।दीपा माँझी हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के मंत्री

## भारतीय क्रांतिकारी कमेटी ने शिक्षिकाओं को किया सम्मानित



• दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा

भारतीय क्रांतिकारी कमेटी के संरक्षक अमित नयन और संगठन के अध्यक्ष रोहित रमन सिंह के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी मुहिम चलने वाली शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंट के द्वारा रविवार को सम्मानित किया गया।
छपरा में प्राइमरी स्कूल में शिक्षा की अलग जगाने वाली बहुमुखी प्रतिभा की धनी शिक्षिकाएं संजना मिश्रा एवं वंशिता उपाध्याय ने संगठन के पदाधिकारी से सम्मानित होने के बाद कहा कि ये इसके बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही है। शिक्षिकाओं को इसके लिए संगठन के अध्यक्ष रोहित रमन सिंह संरक्षक अमित नयन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बांका के लोगों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता – जवाहर झा

• दैनिक बिहार पत्रिका/ कुमार चंदन

**बांका:-** जन सुराज पार्टी के जवाहर कुमार झा ने कहा कि बांका के साथ बिहार की जनता के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं से लेकर रोजगार तक उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। हमारे युवा जागरूक हो चुके है, वे अब किसी के बहकावे में नहीं आने वाले। अब वे सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने वालों के साथ तन मन से खड़े हैं। वे आज बांका के झिरवा अमरपुर स्थित शिव मन्दिर प्रांगण में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। जवाहर झा ने कार्यक्रम के दौरान यहां के स्थानीय मुद्दों पर ग्रामीणों से बात की एवं उन्हें भरोसा दिलाया कि इस बार बिहार में जन सुराज पार्टी की सरकार बनेगी एक शिक्षित वर्ग का शासन होगा। उन्होंने कहा कि केवल पैसे और कमीशन के चक्कर में लगे रहने वाले पहले के प्रशासकों ने बांका से बिहार तक के विकास में अवरोधक की भूमिका निभाई है। इस बार जन सुराज पार्टी केवल बांका का ही नहीं अपितु पूरे राज्य की जनता के विचार में परिवर्तन लाने का कार्य कर रही है। अब जनता जात-पात से परे जो विकास की बात करेगा उसके साथ खड़ी है। जन सुराज पार्टी की सदस्यता अभियान के दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर जन सुराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोज बाबा (जिला परिषद) सहित चंपक लाल मंडल तथा ग्रामीण उपस्थित रहे। इसके बाद ये सदस्यता अभियान ककवारा पंचायत तथा लोधम पंचायत में भी जारी रहा।

## अशोक का शव कश्मीर से उसके पैतृक गांव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

• दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** आतंकवादियों ने शुक्रवार को बिहार के बांका जिला अंतर्गत शंभुगंज थाना क्षेत्र के कैथा गांव निवासी अशोक चौहान( 30 वर्षीय) की जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के संगम इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी थी। अशोक का शव कश्मीर से उसके पैतृक गांव स्थित घर रविवार को पहुंचा तो पुरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। अशोक का शव विमान के द्वारा पटना एयरपोर्ट पर भेजा गया था। जहां से एंबुलेंस के माध्यम से शव को गांव लाया गया।

# करवा चौथ: शादीशुदा महिलाएं सूर्योदय से लेकर रात को चांद निकलने तक रखा कठोर निर्जला व्रत





- दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** जिले भर में रविवार को करवा चौथ बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया। करवा चौथ के दिन शादीशुदा महिलाएं सूर्योदय से लेकर रात को चांद निकलने तक कठोर निर्जला व्रत रखा और ईश्वर से अपने पति की लंबी आयु की प्रार्थना की। शाम को महिलाएं सुंदर कपड़े पहने, सोलह श्रृंगार किया और हथेलियों में मेंहदी सजायी। करवा चौथ का व्रत करने वाली महिलाएं सुबह स्नानादि नित्य कर्म करके व्रत का संकल्प लिया। साथ ही ईश्वर से अपने पति की लंबी उम्र की। इसके बाद पूरे दिन निर्जला रहकर शाम में शुभ मुहूर्त में विधि विधान पूर्वक पूजा की। साथ ही करवा चौथ की कथा सुनी। आपको बता दें की करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घ आयु के लिए रखती हैं। इस व्रत को प्राचीन काल से रखा जा रहा है। पौराणिक कथा के अनुसार ये व्रत सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए रखा था। ऐसा माना जाता है कि करवा चौथ के दिन चंद्रमा की पूजा करने का भी विशेष महत्व है, क्योंकि इस दिन चंद्रमा की पूजा करने से घर परिवार में सुख समृद्धि आती है। ये व्रत सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार महाभारत काल में अर्जुन जब तपस्या करने के लिए नीलगिरि पर्वत पर थे। उस समय द्रौपदी ने अर्जुन की रक्षा के लिए कृष्ण से मदद ली थी। तब कृष्ण भगवान ने द्रौपदी को निर्जला व्रत रखने को कहा और शिव पार्वती की पूजा करने के लिए कहा। इस व्रत के बाद अर्जुन सुरक्षित वापस आ गए। उसके बाद करवा चौथ का व्रत रखा जानें लगा। करवा चौथ की पौराणिक कथा अनुसार प्राचीन काल में एक साहूकार हुआ करते थे। जिसके सात बेटे और एक बेटी थी। करवा चौथ का पर्व आया तब साहूकार की सातों बहू और बेटी ने ये व्रत रखा। शाम को जब साहूकार और उसके बेटे भोजन के लिए आए तो उनसे अपनी बहन की भूख से व्याकुल हाल देखी नहीं गई। उन्होंने अपनी बहन को भोजन करने के लिए कहा लेकिन बहन ने कहा कि मैं चंद्रमा की पूजा करके ही भोजन करूंगी। काफी समय होगा जब चंद्रमा नहीं निकला तो भाईयों के मन में एक विचार आया। ऐसे में सातों भाई नगर से बाहर चले गए और दूर जाकर उन्होंने आग जला दी। वापस घर आकर उन्होंने अपनी बहन से कहा कि बहन देखो चांद निकल आया है, अब उसे देख कर अपना व्रत तोड़ दो। बहन भाईयों की ये चाल समझ नहीं पाई और उसने अग्नि को चांद मानकर अपना व्रत तोड़ दिया। छल से तोड़े गए इस व्रत के कारण उसका पति बीमार हो गया और उसका सारा पैसा उसकी बीमारी में खर्च हो गया। जब साहूकार की बेटी को अपने भाइयों के इस छल और अपनी गलती का एहसास हुआ तो उसने गणेश भगवान की विधि-विधान पूजा की और अनजाने में खुद से हुई भूल की क्षमा मांगी, जिससे उसका पति ठीक हो गया। धार्मिक मान्यताओं अनुसार ये व्रत सबसे पहले शक्ति स्वरूपा देवी पार्वती ने भगवान शिव के लिए रखा था। कहते हैं इसी व्रत के प्रभाव से उन्हें अखंड सौभाग्य की प्राप्ति हुई थी। कहते हैं तभी से सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए ये व्रत रख रही हैं। इस व्रत से जुड़ी एक कहानी के अनुसार एक बार देवताओं और राक्षसों के बीच भयंकर युद्ध छिड़ गया। जिसमें राक्षसों की जीत हो रही थी। तभी ब्रह्मा देव ने सभी देवताओं की पत्नियों को करवा चौथ का पावन व्रत रखने के लिए कहा। कहते हैं इसके बाद कार्तिक माह की कृष्ण चतुर्थी के दिन सभी देवियों ने अपने पतियों के लिए व्रत रखा जिससे देवताओं की जीत हुई। ऐसा माना जाता है कि इसके बाद से ही इस व्रत को रखे जाने की शुरुआत हो गई थी। इसके अलावा कहा ये भी जाता है कि द्रौपदी ने भी पांडवों को कष्टों से मुक्ति दिलाने के लिए करवा चौथ का व्रत रखा था। करवा चौथ व्रत से जुड़ी पौराणिक कथा अनुसार, देवी करवा अपने पति के साथ तुंगभद्रा नदी के पास रहती थीं। एक दिन उनके पति नदी में स्नान करने गए थे। स्नान के समय मगरमच्छ ने देवी करवा क पति का पैर पकड़ लिया और वह उन्हें नदी में खींचने लगा। मदद के लिए पति अपनी पत्नी करवा को पुकारने लगे। पति की दर्द भरी पुकार सुनकर करवा दौड़कर नदी के पास पहुंचीं। पति की रक्षा के लिए करवा ने तुरंत एक कच्चा धागा लेकर मगरमच्छ को एक पेड़ से बांध दिया। करवा के सतीत्व के कारण मगरमच्छ एक कच्चे धागे में ही इस तरह से बंध गया था कि वह थोड़ा भी हिल नहीं पा रहा था। लेकिन अभी भी करवा के पति और मगरमच्छ दोनों के प्राण संकट में फंसे थे। तब करवा ने यमराज को पुकारा और अपने पति के लिए जीवनदान देने और मगरमच्छ को मृत्युदंड देने की प्रार्थना की। करवा के कहने पर यमराज पधारे और उन्होंने कहा कि मैं ऐसा नहीं कर सकता क्योंकि अभी मगरमच्छ की आयु शेष है और तुम्हारे पति की अब आयु पूरी हो चुकी है। इस बात पर करवा को क्रोध आ गया और वो बोलीं, यदि आपने ऐसा नहीं किया तो मैं आपको श्राप दूंगी। करवा के क्रोध को देखकर यमराज ने मगरमच्छ को यमलोक भेज दिया और करवा के पति को जीवनदान दिया। कहते हैं करवा चौथ के व्रत में सुहागन महिलाएं करवा माता से प्रार्थना करती हैं कि 'हे करवा माता जैसे आपने अपने पति को बचाया वैसे ही मेरे सुहाग की भी रक्षा करना।

# मंदार में आस्था और उल्लास के साथ मना करवा चौथ पर्व



- दैनिक बिहार पत्रिका/ अमित कुमार शर्मा

**बौंसी/बांका:-** पति की लंबी उम्र की कामना और सुखद दंपति जिंदगी के लिए मनाया जाने वाला लोक संस्कृति का पर्व करवा चौथ रविवार को मंदार क्षेत्र में भी आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। इस व्रत का पालन करने वाली सुहागन महिलाओं ने पति के लिए व्रत रख दिन भर उपवास के बाद संध्या में अर्ध्य देकर चंद्रमा को व्रत तोड़ा। दिन भर मंदिरों में भी पूजा अर्चना के लिए भीड़ लगी रही। सुहागन महिलाओं ने पति के लिए सोलह सिंगार कर मेंहदी रचा उनका आशीर्वाद लिया। संध्या में चंद्रमा को जल समर्पित करने के बाद व्रत को तोड़ा गया। पति ने पानी पिलाकर व्रत को तोड़ा। पर्व को लेकर दिनभर उल्लास का माहौल रहा। बाजार में भी रौनक बनी रहे। उपहार की दुकान में भी जमकर खरीदारी हुई।

# प्रसिद्ध नगाड़ा वादक बासुदेव मांझी का निधन, शोक की लहर

- दैनिक बिहार पत्रिका/ कुमार चंदन



**बांका:** प्रखंड अंतर्गत दुधारी गांव निवासी प्रसिद्ध नगाड़ा वादक व डिलर बासुदेव मांझी का रविवार की दोपहर निधन हो गया। वह 55 वर्ष के थे। परिजनों के अनुसार, शनिवार तक वे बिल्कुल स्वस्थ थे। शाम में वह गांव में ही एक पड़ोसी के घर के बाहर बैठे थे, तभी अचानक मूर्छित होकर गिर गए। आनन-फानन में उन्हें एंबुलेंस से मायागंज भागलपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की खबर मिलते ही दुधारी समेत आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई एवं उनके आवास पर उनके अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। ज्ञात हो कि नगाड़ा वादक की ख्याति बिहार व झारखंड के दर्जनों जिलों में रहा है। उसके निधन पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष क्रांति कुशवाह डॉ निर्मल कुमार कनाय कापरी आनंद कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने शोक जताया है।

# फॉरेंसिक टीम ने 22 वर्षीय मुकेश हत्या काण्ड लिया सैंपल



- दैनिक बिहार पत्रिका/ उमाकांत साह

**चांदन/बांका:-** बीते दिन शनिवार देर शाम को पांडेयडीह कोरिया मुख्य सड़क मार्ग के आर पत्थर के समीप मुकेश कुमार यादव की हत्या कि गुत्थी सुलझाने को लेकर रविवार को घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम व चांदन थानाध्यक्ष विष्णुदेव कुमार सदलबल पहुंचकर जांच कर ब्लड सैंपल आदि साक्ष्य कलेक्ट किया गया। बता दें कि 20 अक्टूबर शाम को सिलजोरी पंचायत के कसई गांव निवासी मुकेश यादव उम्र 22 वर्ष पिता खिल्ली यादव कोरिया पंचायत के कोरिया गांव चार दिन पूर्व आया हुआ था। मृतक के नाना ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे किसी ने फ़ोन कर घर से बाहर बुलाया था। काफी देर घर नहीं पहुंचने पर नाना एवं अन्य स्वजनों ने खोजबीन की मगर पता नहीं चला। देर शाम को आरपथर स्थित एक युवक की शव मिलने की जानकारी पुलिस द्वारा दी गई थी। शव शिनाख्त होने में विलंब होने के कारण पोस्टमार्टम रविवार को सदर अस्पताल बांका भेज दिया गया। हत्याकांड को लेकर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से ब्ल्ड सेंपल, चाकू की कवर, मोबाइल एवं बाल बरामद कर जांच के लिए बांका अपने साथ ले गए। इस संदर्भ में चांदन थाना अध्यक्ष विष्णु देव कुमार ने बताया कि इस हत्या काण्ड मामले में मृतक नंदलाल के मां सुमंती देवी द्वारा छ: लोगों के खिलाफ हत्या करने का मामला दर्ज कराया गया है, जिसमें गिरधारी यादव व लाल धारी यादव पिता बुधन यादव साकिन कसई, राजेश यादव अनिल यादव दोनों पिता परन यादव, पवन यादव, पिता धिराज यादव सभी साकिन सतबेहरी थाना रिखिया जिला देवघर एवं छोटू यादव स्वर्गीय सुरेश यादव साकिन कोरिया थाना चांदन नामजद अभियुक्त बनाया गया है। जिसके खिलाफ चांदन थाना पुलिस हर बिंदु पर जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई कि जा रही है। एस एफ एल टीम के पदाधिकारी ने बताया कि घटना कि कलेक्ट सैंपल जांच रिपोर्ट जल्द ही सौंप दिया जाएगा। वहीं मृतक नंदलाल यादव की शव पोस्टमार्टम के बाद देर शाम को घर पहुंचते ही मृतक के मन सहित अन्य सहजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# बिजली संबंधी समस्या के समाधान हेतु शिविर का किया गया आयोजन



- दैनिक बिहार पत्रिका/ कामेश्वर साह

फुल्लीडुमर/बांका:- शनिवार की देर शाम प्रखंड के विद्युत आपूर्ति प्रशाखा फुल्लीडुमर में कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत उपभोक्ताओं के लिए शिविर का आयोजन किया गया। वही इस संबंध में जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को विद्युत आपूर्ति प्रशाखा फुल्लीडुमर के प्रांगण में विद्युत उपभोक्ताओं के समस्या के समाधान हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बिजली बिल संबंधी समस्या, स्मार्ट मीटर की समस्या, बिजली कनेक्शन, पोल तार की समस्या सहित बिजली संबंधी अन्य समस्याओं का समाधान किया गया। वहीं आयोजित शिविर के मौके पर कुशल श्रमिक महादेव प्रसाद सिंह, मानवबल संजय कुमार, अमन कुमार ठाकुर, अंगद कुमार, मुकेश कुमार, अमर कुमार सहित सभी विद्युत कर्मी एवं दर्जनों विद्युत उपभोक्ता गण मौजूद थे।

# असमाजिक तत्वो ने विद्यालय में लगे शिलान्यास को तोड़ा

दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा




अमनौर विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू सिंह ने गुरुवार को मकेर हाईस्कूल के हॉल मरम्मती और सौंदर्यीकरण को लेकर शिलान्यास किया था,उस शिलापट को असमाजिक तत्वों ने तोड़ दिया ।विद्यालय की प्रधान शिक्षिका अनिता कुमारी ने इसकी सूचना मकेर थाना को अवगत कराया है। शिलापट तोड़े जाने को लेकर लोगो मे कई तरह की बातें हो रही है। शिलान्यास करने के पश्चात कुछ महिलाएं एकत्रित होकर विधायक से अपनी कुछ मांगे रखी, मांगे नही मानी जाने पर सड़क अवरोध कर जाने से रोकने लगी,साथ ही समर्थको एवं पुलिस द्वारा निर्धारित स्थल से विधायक को सुरक्षित निकाला गया।इस घटना की विधायक द्वारा लिखित शिकायत नहीं की गई है ।

# यक्ष्मा रोगियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित

- दैनिक बिहार पत्रिका/उमाकांत साह

**चांदन/बांका:-** टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला पदाधिकारी बांका के निर्देश पर विशेष टीवी मुक्त पंचायत के आलोक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन अस्पताल प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर आशिष कुमार के नेतृत्व दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गई है। स्वास्थ्य शिविर के पहले दिन सोमवार 21 अक्टूबर गौरीपुर पंचायत के जुबड़ी एवं दूसरे दिन मंगलवार 22 अक्टूबर को कुसुम जोरी पंचायत के सरकार भवन में विशेष कैंप आयोजित की गई है। कैंप में पटना के विशेषज्ञ द्वारा मरीजों का खांसी जुकाम से संबंधित रोगी का चेस्ट एक्सरे मशीन से किया जाएगा।। इस आशय की जानकारी समुदाय स्वास्थ्य केंद्र चांदन के स्वास्थ्य प्रबंधक परशुराम सिंह ने देते हुए कहा कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता अपने अपने बगल कि आशा के माध्यम से आसपास के गांव में भी प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांच कराते हुए इस सुनहरे अवसर का फायदा उठा सकते हैं। स्वास्थ्य शिविर में सर्दी खांसी, निमोनिया, बुखार, आदि का जांच के साथ-साथ रोगियों को आवश्यक दवाई दी जाएगी। बताया कि ऐसा मौका बार-बार नहीं आती है, सरकार मेडिकल टीम आपके घर तक पहुंचा रही है, इसलिए इस कैंप का लाभ उठाना सुनिश्चित करेंगे। इस कैंप में आयुष शिक्षक दो जय किशोर कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी ए एन एम जीएनएम आदि मेडिकल टीम सामिल होंगे।


ग्लोबल ईएनटी अस्पताल



कान, नाक, गला और मुंह विशेषज्ञ जो की जैन ईएनटी, जयपुर से प्रशिक्षण कर मुंगेर के साथ साथ अब भागलपुर में भी डिक्सन रोड, कोयला डीपू के पास अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं भागलपुर में भी किसी भी प्रकार कान, नाक, गला और मुंह से संबंधित समस्या से छुटकारा पाने के लिए कंसल्टेंट कर सकते हैं|

डॉ राकेश कुमार निराला

# धर्म कर्म: महाभारत प्रसंग का श्रवण करने से घर में आपसी कलह और दूर्विचार से मिलती है मूक्ति :मधुकांत शास्त्री

• सुपौल।सोनू कुमार भगत






छातापुर प्रखंड के महद्दीपुर बाजार में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन शनिवार को महाभारत प्रसंग पर चर्चा हुई। वृंदावन से पहुंचे कथावाचक पंडित मधुकांत शास्त्री के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में धर्म-परायण महिलाओं की मौजूदगी अत्यधिक दिखी। कथावाचक पंडित श्री शास्त्री ने कहा कि महाभारत प्रसंग को श्रवण करने से घर में महाभारत नहीं होता है। व्यक्ति के आदर्श व रिस्ते की मर्यादा का संपूर्ण ज्ञान महाभारत प्रसंग सेही प्राप्त होता है। महाभारत प्रसंग का श्रवण करने से घर में आपसी कलह और दूर्विचार से मूक्ति मिलती है। पंडित श्री शास्त्री ने महाभारत प्रसंग की विवेचना की और कथा श्रवण से प्राप्त ज्ञान को जीवन में उतारने का आग्रह किया। आयोजन के तीसरे दिन भी अनुष्ठान स्थल पर आरती करने के बाद सुमधुर गीत संगीत से कथावाचन की शुरुआत की गई। सात दिवसीय आयोजन से इलाके के श्रद्धालुओं में उत्साह व श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। आयोजन को सफल बनाने मे यजमान योगेंद्र चौधरी सहित स्थानीय लोग सहभागी बने हुए हैं। मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर नारी थी।


# आगजनी: आग की चपेट में आने से एक दुधारू गाय झुलसकर जख्मी

• सुपौल।सोनू कुमार भगत

छातापुर थानाक्षेत्र के करहवाना गांव में मध्य रात्रिकाल अलाव की चिंगारी से लगी आग में एक गैर आवासीय घर जल गया। आग की चपेट में आने से एक दुधारू गाय झुलसकर जख्मी हुई है। अचानक आग लगने के बाद गृहस्वामी की शोर पर आस पड़ोस के लोग इकट्ठा हुए और आग पर नियंत्रण पा लिया गया। तबतक दमकल वाहन भी मौके पर पहुंच गई। गृहस्वामिनी सुनीता देवी पति दिनेश पासवान ने बताया कि अलाव से लगी आग में एक घर सहित ड्राम में रखा अनाज जल गया। जबकि घर में बंधे दुधारू गाय झुलसकर जख्मी हो गई। सीओ राकेश कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर यथोचित कार्यवाही की जायेगी।

# धान बेचने वाले किसानों का रजिस्ट्रेशन का कार्य हुआ आरंभ

• सुपौल।सोनू कुमार भगत



वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए व्यापार मंडल एवं सभी पैक्सों में धान अधिप्राति की शुरुआत एक नवंबर से कर दी जाएगी। धान बेचने वाले किसानों के लिए विभागीय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन का कार्य आरंभ है। यह जानकारी व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर भगत ने शनिवार को दी। उन्होने बताया कि सरकार के द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 23 सौ रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान की अधिप्राप्ति की जायेगी। जो कि पिछले वित्तीय वर्ष की दर से 117 रूपये अधिक है। धान बेचने वाले किसान जल्द से जल्द विभागीय बेवसाइट पोर्टल पर आवश्यक कागजात के साथ रजिस्ट्रेशन करा लें। रजिस्ट्रेशन कराने वाले किसान ही धान बेच पायेंगे और उन्हे भूगतान में भी सहुलियत होगी। रजिस्ट्रेशन का कार्य दिसंबर तक चलेगा। गैर रैयत किसान जमीन का खाता खेसरा व घोषणा पत्र के साथ रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन करा चुके किसान आधार कार्ड के साथ क्रयकेंद्र पर अपना धान बेचेंगे और सरकार के द्वारा निर्धारित एमएसपी का लाभ ले सकेंगे।

# सरगर्मी: पैक्स निर्वाचन मतदान की तीथि घोषित होते ही चुनावी सुगबुगाहट हुई शुरू

• सुपौल।सोनू कुमार भगत



छातापुर प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) निर्वाचन को लेकर मतदान की तीथि घोषित होते ही चुनावी सुगबुगाहट रफ्तार पकड़ने लगी है। निवर्तमान अध्यक्ष व सदस्यों के अलावे संभावित प्रत्याशियों ने मतदाताओं से संपर्क करना शुरू कर दिया है। प्रखंड कार्यालय के अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित तीथियों के मुताबिक प्रखंड के 18 पैक्स में प्रथम चरण में 26 नवंबर को मतदान होगा। जबकि नामांकन की तीथि 11 से 13 नवंबर तक निर्धारित की गई है। प्रखंड के 18 पैक्स में मतदान के लिए कुल 57 बूथ बनाये गए हैं। जहां 34 हजार 433 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इस संदर्भ में बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी डा. राकेश गुप्ता ने पुछने पर बताया कि चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारी अंतिम चरण में है। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष माहौल में मतदान संपन्न कराने हेतू प्रशासन संकल्पित भाव से तैयारी में जूटी हुई है। सभी मतदान केंद्रों का भौतिक रूप से सत्यापन कर लिया गया है। मतदाता सुचि का अंतिम प्रकाशन 25 अक्टूबर को किया जायेगा। प्रखंड के कुल 23 में 18 पैक्सों में मतदान कराया जाना है। जिसमें पैक्स वाइज मतदाताओ की संख्या उधमपुर में 2792 कटहरा में 1761 ग्वालपाडा में 1821 घीवहा में 2011 चरणे में 2705 चुन्नी में 1726 छातापुर में 2198 जीवछपुर में 2360 झखाडगढ़ में 2045 ठूंठी में 2799 डहरिया में 1118 मधुबनी में 792 माधोपुर में 1495 राजेश्वरी पश्चिमी में 2043 रामपुर में 2086 लक्ष्मिनियां में 1550 लक्ष्मीपुर खूंटी में 894 लालगंज में 2237 है।

## कई कांडों का सरगना रोहित मिश्रा गिरफ्तार

• दैनिक बिहार पत्रिका / समस्तीपुर

सदर-2 अनुमंडल के कुख्यात अपराधकर्मी रोहित मिश्रा को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। गिरफ्तार अपराधकर्मी रोहित मिश्रा दरभंगा जिला अंतर्गत आनंदपुर थाना क्षेत्र के जोगियारा गांव निवासी अमरेन्द्र कुमार मिश्रा उर्फ मन्नु मिश्रा का पुत्र है। उसका ननिहाल जिले के चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर में है। बताया गया है कि उक्त अपराधकर्मी लूट, डकैती, शराब कारोबार आदि कांडों में आरोपित है। पुलिस ने रोहित मिश्रा को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# सामूहिक विभागीय कार्यवाही निष्पादन कार्यक्रम का हुआ संचालन

• दैनिक बिहार पत्रिका/ मृत्युंजय कुमार



**वैशाली।**रविवार को पुलिस अधीक्षक वैशाली के द्वारा पुलिस केंद्र,हाजीपुर स्थित सभा कक्ष में सामूहिक विभागीय कार्यवाही निष्पादन कार्यक्रम का संचालन,सभी अनु0 पु0 पदा0, अंचल निरीक्षक व संचालन पदाधिकारी की उपस्थिति में किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित सभी विभागीय कार्यवाही को शीघ्र निष्पादन करने एवं मंतव्य रिपोर्ट संचालन पदाधिकारी को तय तिथि के भीतर समर्पित करने को निर्देशित किया गया।

## विद्यापतिनगर में 27 नवंबर को पैक्स के लिए होगा मतदान

• दैनिक बिहार पत्रिका / समस्तीपुर

**विद्यापतिनगर।** बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) के लिए चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया गया है। प्रखंड के 12 पैक्सों के लिए दूसरे चरण में 27 नवम्बर को मतदान कराया जाएगा। इस बाबत जानकारी देते हुए प्रखंड निर्वाचन अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी ने बताया कि प्रखंड के 14 पैक्सो में से 12 टैक्सों के लिए चुनाव होना है। इनमें गढ़सीसई, बंगराहा, बढ़ौना, वाजिदपुर, साहिट, सिमरी, सोठगामा, हरपुर बोचहा, बालकृष्ण पुर मड़वा, मऊ धनेशपुर दक्षिण, मऊ धनेशपुर उत्तर तथा शेरपुर पैक्स के लिए 27 नवम्बर को वोट डाले जाएंगे। 28 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी।

# सुरक्षित दीपावली मनाने के लिए बच्चों को किया गया जागरूक




• सुपौल।सोनू कुमार भगत

**पटाखों के उपयोग से बचें बच्चे, बरतें विशेष सावधानी**

**आपदा सुरक्षा कार्यक्रम के तहत बच्चों को दी गई कई अहम जानकारियां**

मुख्यमंत्री आपदा सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सुरक्षित शनिवार के तहत आदर्श प्राथमिक विद्यालय केवला में बच्चों को दीपावली पटाखों एवं प्रदूषण से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम एवं बचाव के संदर्भ में जानकारियां दिया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ मॉक ड्रिल का आयोजन करते हुए फोकल शिक्षक नरेश कुमार निराला और अवधेश कुमार के द्वारा आयोजित मॉक ड्रिल में दीपों का त्योहार दीपावली मनाए जाने के दौरान क्या क्या सावधानियां बरतनी है उसे बताया गया। पटाखों से होने वाले जोखिम में क्या प्राथमिक उपचार करना है इस संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।चर्चा के दौरान शिक्षक नरेश कुमार निराला ने कहा कि हमारी धरती हम ही बचाए। बिना पटाखे दिवाली मनाएं जैसे शायराना अंदाज में बच्चों को समझाया। श्री निराला ने कहा कि पटाखे से वायु प्रदूषण के साथ-साथ ध्वनि प्रदूषण भी होता है। पटाखों से निकलने वाली धुंए में काफी मात्रा में सल्फर सहित अन्य हानिकारक गैस पाए जाते हैं। जो मानव ही नहीं धरती पर रहने वाले तमाम जीवो के लिए हानिकारक है। प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने कहा कि पटाखों से निकलने वाली कर्कश आवाज से वायु प्रदूषण होता है। पटाखे की आवाज में डेढ़ सौ डेसीबल से अधिक आवाज होती है जो मानव के श्रवण शक्ति पर प्रभाव डालता है और हानि भी पहुंचता है।शिक्षक निरंजन कुमार और अवधेश कुमार ने कहा कि पटाखा छोड़ने के दौरान खतरा की काफी संभावना बनी रहती है।उन्होंने कहा कि आतिशबाजी से दूर रहें। खासकर बच्चों को आतिशबाजी से बिल्कुल दूर रहना चाहिए।मोहम्मद अमजद अहमद और मोहम्मद अरबाज आलम ने कहा कि अगर पटाखा छोड़ने के दौरान किसी भी व्यक्ति को हाथ या शरीर का अन्य भाग जल जाता है तो उसे तुरंत ठंडे पानी में हाथ को डाल कर रखना चाहिए। उसके बाद उसे विशेष उपचार हेतु बगल के स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचाना चाहिए। इस मौके पर नीतू कुमारी, मोनिका कुमारी, पूजा कुमारी, फूल कुमारी एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं थे।

# मुख्यमंत्री ने महिलाओं को आगे बढ़ाया है: वीणा मानवी

• दैनिक बिहार पत्रिका/धीरज कुमार

**गया।**जदयू मुख्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में आयोजित भव्य मिलन समारोह में आज बिहार वैश्य महासभा, महिला विकास मंच, पटना महानगर केशरवानी वैश्य महासभा, अखिल भारतीय कानू वैश्य महासंघ सहित कई संगठनों के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों सहित 1500 से अधिक लोगों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की है ।जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं।इस अवसर पर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, वरिष्ठ मंत्री श्रवण कुमार, शीला मंडल, राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा, पार्टी के कोषाध्यक्ष सह विधानपार्षद एवं विधानपरिषद में सत्तारूढ दल के उपनेता ललन सर्राफ, विधानपार्षद सह मुख्य सचेतक संजय गांधी, वरिष्ठ नेता नवीन आर्य चन्द्रवंशी, मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव कमल नोपानी, कंचन गुप्ता, वरीय नेता अरविन्द निराला सिन्दूरिया, मुकेश जैन, गणेश कानू, सुजीत पाठक सहित पार्टी के कई नेता व पदाधिकारी इस अवसर पर मौजूद रहे हैं।सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुप्रसिद्ध अधिवक्ता और बिहार वैश्य महासभा के अध्यक्ष डॉ0 आनंद कुमार, महिला विकास मंच की राष्ट्रीय संरक्षक वीणा मानवी, पटना महानगर केशरवानी वैश्य महासभा के अध्यक्ष डॉ0 अमित केशरी, अखिल भारतीय कानू वैश्य महासंघ के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता उर्फ विजय कानू, हिमालय मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन डॉ0 उमाशंकर प्रसाद, महिला मोर्चा की अध्यक्ष कोमल वर्णवाल, स्नेही इंटरनेशनल के अध्यक्ष रामजी प्रसाद, प्रो. (डॉ0) संजय कुमार, सूरज गुप्ता, राहुल गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता,ई. एच. एन. प्रसाद, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, प्रभात चैधरी, नितिन कृष्णा, मोहतरमा फाहिमा खातून, अरुणिमा कुमारी, अभिषेक कुमार आदि प्रमुख हैं। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा में दल के नेता संजय कुमार झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेली, हलवाई और चैरसिया समाज को अतिपिछड़ा वर्ग में शामिल करने का काम किया है। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में नीतीश सरकार का उल्लेखनीय कार्य पूरे देश भर में आज एक नजीर है। संजय कुमार झा ने कहा कि प्रदेश की जनता का अटूट विश्वास और आस्था मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति है और वर्ष 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन वर्ष 2010 से अधिक सीटें जीतेगा। पार्टी के कोषाध्यक्ष सह विधानपार्षद ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि नालंदा, नवादा और गया तक गंगा का पवित्र जल पहुंचेगा, इसकी कल्पना तक मुश्किल थी लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भागीरथ प्रयत्न से यह सपना साकार हुआ है। हमारे नेता नीतीश कुमार पूरे बिहार को अपना परिवार मानते हैं वहीं विपक्ष में बैठे लोग सिर्फ अपने परिवार की चिंता करते हैं। आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य के सभी सरकारी नौकरियों में 35 फीसदी एवं पंचायती राज व नगर निकायों में 50 फीसदी आरक्षण का प्रावधान उन्हीं के विजन का परिणाम है। डॉ0 आनंद कुमार ने कहा कि वर्ष 2025 में पुनः श्री नीतीश कुमार को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना है। बिहार का वैश्य समाज नीतीश कुमार और जद(यू0) के साथ मजबूती से खड़ा है। महिला विकास मंच के राष्ट्रीय संयोजक वीणा मानवी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को आगे बढ़ाया है, जिसका नतीजा है कि हम बिना किसी भय के खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

## मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने जब्त किया करोड़ों का सोना व नशीला पदार्थ

मुंबई। मुंबई के सीमा शुल्क विभाग ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 1.45 करोड़ रुपये का नशीला पदार्थ (मारिजुआना) जब्त किया। यह अवैध पदार्थ बैंकॉक के एक यात्री के पास से जब्त किया गया था। यात्री ने वैक्यूम-सीलबंद पैकेट में 1.45 किलोग्राम गांजा छुपाया था। चेक-इन लगेज में कपड़ों में नशीला पदार्थ लपेटा हुआ था। आरोपियों के खिलाफ सीमा शुल्क अधिनियम और नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने कहा कि आगे की जांच जारी है।

**दो करोड़ रुपये का सोना जब्त –**

मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने सात मामलों में 2 किलो 427 ग्राम सोना जब्त किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सोने की कीमत 1 करोड़ 70 लाख रुपये है। इसके अलावा 42 लाख रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जब्त किया गया है। इसमें मोबाइल और टैबलेट शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि केन्या, जेद्दा, दुबई, रसूल खैमाह से मुंबई आने वाली उड़ानों के जरिए सोने की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद अधिकारियों ने इन विमानों के बाहर जाल बिछा दिया था। इन उड़ानों से आने वाले कुछ यात्रियों की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर उनके दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान इस सोने की तस्करी का खुलासा हुआ।

## श्रीलंका ने गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

नई दिल्ली। श्रीलंका ने मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा कि 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया गया है और वे तमिलनाडु, भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मछुआरों का मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में एक विवादास्पद विषय रहा है। श्रीलंका नौसेना की आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक इस साल देश की नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए भारतीयों की संख्या बढ़कर 413 हो गई है जबकि 55 नौकाएं जब्त की गई हैं।

## बारामूला जिले में सेना ने की घुसपैठ की कोशिश नाकाम

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि जवानों ने उरी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधियां देखीं और घुसपैठियों को ललकारा। घुसपैठियों ने जवानों को आता देख गोलीबारी शुरू कर दी जिसका सेना के जवानों ने जवाब दिया। उन्होंने बताया कि इसमें एक घुसपैठिया मारा गया है। उन्होंने दुर्गम इलाका होने के कारण मारे गए घुसपैठिए का शव अभी तक बरामद नहीं हो सका है।

## आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमले के आरोपी का घर ढहाया

जयपुर। जयपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 10 कार्यकर्ताओं पर चाकू से हमले के आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया गया है। बुलडोजर कार्रवाई को अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई बताया जा रहा है। जानकारी अनुसार रजनी विहार इलाके में एक मंदिर में जागरण के दौरान आरोपी बाप-बेटे ने आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमला किया था। गुरुवार को हुए इस हमले के बाद, शुक्रवार को एसीपी गौरीशंकर शर्मा ने मौके पर मुआयना किया। शनिवार को जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने मकान मालिक नसीब चौधरी को नोटिस जारी किया और 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा। जवाब नहीं मिलने पर, रविवार सुबह 10-40 बजे बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी गई। एसीपी के अनुसार नसीब चौधरी के घर से सामान हटाते समय क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय निवासियों ने चौधरी को भूमाफिया करार देते हुए बताया कि वह मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का विरोध करता था। वहीं पूर्व महापौर शील धाभाई ने इसे एक शर्मनाक और दर्दनाक घटना करार दिया है। उन्होंने कहा कि नसीब ने मंदिर पर कब्जा कर रखा था और इसकी कार्रवाई बहुत पहले हो जानी चाहिए थी। एसीपी शर्मा ने आश्वासन दिया कि मंदिर और पार्क की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

## अयोध्या में दीपोत्सव पर निकलेंगी झांकियां, मुस्लिम कारीगर कर रहे तैयार

अयोध्या। इस बार अयोध्या में दीपोत्सव खास होगा। रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं, जिसकी झलक दीपोत्सव में इस बार देखने को मिलेगी। इस बार दीपोत्सव में झांकियां होंगी जिसे दर्जनों मुस्लिम कारीगर बना रहे हैं। रामायण के सातों कांडों पर झांकियां तैयार की जा रही हैं। इसके साथ ही राम मंदिर मॉडल और राम दरबार की झांकियां सबसे खास होगी। युद्ध स्तर पर झांकियां बनाने का काम किया जा रहा है, जो 27 अक्टूबर को रिहर्सल के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगी। दीपोत्सव हर साल एक नया इतिहास रचता है। इस बार दीपोत्सव में सबसे खास अयोध्या के सड़कों पर निकलने वाली झांकियां होंगी। भगवान राम के जीवन पर आधारित यह झांकियां साकेत महाविद्यालय से निकलकर और लता मंगेशकर चौक तक जाएंगी, जहां सीएम योगी झांकियों का स्वागत करेंगे। 18 झांकियां निकलेंगी जिसमें आठ झांकियां पर्यटन विभाग तो 10 झांकियां सूचना विभाग की हैं। इन झांकियों को 30 से ज्यादा मुस्लिम कारीगर बना रहे हैं, जो पिछले तीन सालों से लगातार दीपोत्सव की झांकियां बनाते आ रहे हैं जिनकी कारीगरी देखते ही बनती है लोग इनकी कारीगरी को निखारने के साथ उनकी तारीफ करना भी नहीं भूलते। दीपोत्सव को चार चांद लगाने के लिए यह झांकियां सुबह 9 बजे साकेत महाविद्यालय से निकलकर राम कथा पार्क तक जाएंगी, जो कि करीब 2 बजे समाप्त होगी।

# महाराष्ट्र में नयी सरकार के गठन का समय निर्धारित करना भाजपा की चाल है: संजय राउत



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र में नयी सरकार के गठन के लिए केवल 48 घंटे का समय निर्धारित किया जाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चाल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार बनाने का दावा करने में असमर्थ हो जाए। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होना हैं और 23 नवंबर को मतगणना होगी।

राज्यसभा सदस्य ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया, ''अमित शाह के साथ-साथ भाजपा ने यह स्वीकार कर लिया है कि पार्टी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी। ऐसा लगता है कि महा विकास आघाडी को सरकार बनाने के बारे में चर्चा करने और निर्णय लेने के लिए समय समिति करने की रणनीति है। अगर एमवीए के घटक दावा करने में विफल रहते हैं, तो राज्यपाल छह माह के लिये राष्ट्रपति शासन की सिफारिश करेंगे।'' उन्होंने दावा किया कि भाजपा एमवीए को सत्ता में वापस आने से रोकने के लिए यह कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, भारत निर्वाचन आयोजन ने चुनाव कार्यक्रम इस तरह तय किए हैं कि यह एमवीए के प्रभावी रूप से सरकार बनाने के अवसर को सीमित कर देता है।'' शिवसेना (यूबीटी) नेता ने यह भी कहा कि मतगणना 23 नवंबर को होगी, जिसका मतलब है कि एमवीए के घटक दलों - शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और अन्य छोटे दलों के पास सरकार बनाने के लिए केवल 48 घंटे होंगे। उन्होंने कहा कि यह सही नहीं है।

राउत ने आरोप लगाया, ''निर्वाचन आयोग का यह कदम भाजपा प्रवक्ता के समान है। आयोग ईवीएम का समर्थन करता है, लेकिन जब हम हरियाणा चुनावों में इन मशीनों के साथ कथित छेड़छाड़ के बारे में कहते हैं तो यह चुप्पी साध लेता है। आयोग ने लोकसभा चुनावों के दौरान धन के दुरुपयोग की शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं थी।'' राउत ने दावा किया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य के चुनावों की घोषणा से ठीक पहले लगभग 200 विधानसभा क्षेत्रों में 15 करोड़ रुपये वितरित करने का फैसला किया और यह सरकार का धन था।

## लोरेंस बिश्नोई एक आतंकवादी है और उसका एन्टाउंटर किया जाना चाहिए : राज शेखावत

वडोदरा। करणी सेना के राष्ट्रीय प्रमुख राज शेखावत ने गैंगस्टर लोरेंस बिश्नोई को लेकर बड़ा बयान दिया है। राज शेखावत ने लोरेंस बिश्नोई को आतंकवादी बताते हुए उसका एन्काउंटर करने की मांग की। वडोदरा में आयोजित पत्रकार परिषद में राज शेखावत ने कहा कि जो डर पैदा हुआ है, उसका जिम्मेदार लोरेंस बिश्नोई हो या उसकी गैंग के आदमी, ऐसे लोगों को माफ नहीं किया जा सकता। एक गैंग का मुखिया जेल में बैठकर विदेशों से देश के व्यापारियों को फिरौती के परेशान करता है। राज शेखावत ने जनता से सवाल किया कि देश के बड़े राजनीतिक और सामाजिक नेताओं की हत्या करता, ऐसे गैंगस्टर का एन्काउंटर कर देना चाहिए या नहीं? उन्होंने कहा कि जब मैं सेना में था तब कश्मीर में 8 साल सेवा की है। उस वक्त हम आतंकियों का एन्काउंटर कर देते थे। जिसकी वजह कश्मीर आज सुरक्षित हुआ है। अब केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसे तत्वों को उग्रवादी की श्रेणी में शामिल किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लॉरेंस के लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद हमारी करणी सेना की ओर से गृह मंत्री को ज्ञापन दिया गया। लेकिन लोकसभा के दौरान आंदोलन के कारण उन्होंने मेरी सुरक्षा रद्द कर दी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लॉरेंस के लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद हमारी करणी सेना की ओर से गृह मंत्री को ज्ञापन दिया गया। लेकिन लोकसभा के दौरान आंदोलन के कारण उन्होंने मेरी सुरक्षा रद्द कर दी।



## बीआरएस नेता अपने फार्महाउस खोने के डर से हाइड्रा का विरोध कर रहे हैं: रेवंत रेड्डी



**मुंबई (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता राज्य सरकार की नवगठित हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि उनके फार्महाउस ध्वस्त कर दिए जाएंगे।

उन्होंने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह एजेंसी उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी जिन्होंने जल निकायों और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करके संरचनाएं बना ली हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सरकारी अनुमति से अपने मकान बनाए हैं, उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग राज्य की प्रगति और रियल एस्टेट क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर गलत सूचनाएं फैला रहे हैं।मुख्यमंत्री ने जानना चाहा कि क्या बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव और पार्टी विधायक टी. हरीश राव अपने फार्महाउस की वैधता के सत्यापन की अनुमति देंगे। उन्होंने इस उद्देश्य के लिए एक तथ्य-अन्वेषण समिति गठित करने का भी सुझाव दिया।उन्होंने कहा, ''उन्हें (बीआरएस नेताओं को) डर है कि उनके फार्महाउस को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसीलिए वे एजेंसी का विरोध कर रहे हैं। अगर आपने जल निकायों पर अवैध कब्जा नहीं किया है और सरकारी आदेश का उल्लंघन नहीं किया है तो आपको डरने की क्या जरूरत है।

# यूपी उपचुनाव में बीजेपी को हराने सपा प्रत्याशियों का करेगी समर्थन कांग्रेस



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इस उपचुनाव में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी (सपा) को अपना समर्थन देने का फैसला लिया है। कांग्रेस ने पहले पांच सीटों की मांग की थी, लेकिन जब सपा से बात नहीं बनी तो कांग्रेस ने गाजियाबाद और खैर सीटों पर अपनी उम्मीदवारी पर विचार किया। हालांकि यहां भी स्थिति बदलने के बाद कांग्रेस ने अब उपचुनाव में सपा प्रत्याशियों का समर्थन करने का फैसला लिया है।

बता दें इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने कांग्रेस के लिए गाजियाबाद और खैर सीट छोड़ दी थी, लेकिन दोनों ही सीटों पर बीजेपी का दबदबा है। गाजियाबाद में 2022 विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 61.37 फीसदी वोट मिले थे, जबकि सपा को सिर्फ 18.25 फीसदी और कांग्रेस को महज 4.81 फीसदी वोट मिले थे।

इस परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस नेताओं का मानना है कि उपचुनाव में हारने से बेहतर है कि वे सपा को समर्थन दें, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बना रहे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 6 सीटें जीतकर अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है और अब उसकी नजरें 2027 के विधानसभा चुनाव पर हैं। कांग्रेस नहीं चाहती कि उपचुनाव में हार से कार्यकर्ताओं का उत्साह कम हो और पार्टी के अंदर निराशा फैले।

कांग्रेस के इस फैसले के पीछे एक और कारण है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने भी कुर्बानी दी थी, जब उसने अपनी सीटें नहीं मांगी और गठबंधन के तहत बीजेपी को हराने के लिए अपना समर्थन दिया था। अब कांग्रेस भी उसी रास्ते पर है और सपा के प्रत्याशियों का समर्थन करके गठबंधन के सिद्धांतों को मजबूत कर रही है। यह फैसला कांग्रेस द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से लिया गया है ताकि गठबंधन के सहयोग से अपनी राजनीतिक स्थिति को बेहतर किया जा सके और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का मनोबल बना रहे।

# अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव देगी आंध्र प्रदेश सरकार



**हैदराबाद(एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना पर काम कर रही है। इसी वजह से राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के निवासियों को अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी है। नायडू ने प्रदेश में उम्रदराज लोगों की बढ़ती आबादी को देखते हुए यह सलाह दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना बना रही है। इसके तहत विधेयक लाने के बारे में भी सोचा जा रहा है, जिसमें अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव दिया जाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं, एक ऐसा कानून बनाने पर भी विचार चल रहा है, जिसके तहत सिर्फ वही लोग स्थानीय निकाय चुनाव लड़ पाएंगे, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं।

मुख्यमंत्री ने दक्षिणी राज्यों में गिरती प्रजनन दर पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यहां फर्टिलिटी रेट 1.6 परसेंट है जो राष्ट्रीय दर 2.1 से काफी कम है। अगर यही हाल रहा तो हमारे यहां 2047 तक बुजुर्गों की आबादी काफी ज्यादा हो जाएगी। उन्होंने कहाकि आंध्र प्रदेश ही नहीं, देश के कई गांवों में अब सिर्फ बुजुर्ग ही बचे हैं। नायडू ने जनसंख्या नियंत्रण पर अपने पहले के प्रयासों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहाकि तब हालात कुछ और थे। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते प्राकृतिक संसाधन खतरे में थे। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

चंद्रबाबू नायडू ने कहाकि पहले हमने ऐसा कानून बनाया था जिसमें अधिक बच्चे वाले लोग चुनाव नहीं लड़ सकते थे। लेकिन अब हमने उस कानून को खत्म कर दिया है और इसे रिवर्स करने की सोच रहे हैं। अधिक बच्चों वाले परिवारों को सरकार अधिक सुविधाएं देने के बारे में विचार कर रही है। नायडू ने कहाकि वैसे तो हमारे पास 2047 तक डेमोग्राफिक एडवांटेज है। लेकिन दक्षिणी राज्यों खासकर आंध्र प्रदेश में बढ़ती उम्र वालों की आबादी चिंता में डालने वाली बात है। उन्होंने कहाकि जापान, चीन समेत कुछ यूरोपीय देश भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। दक्षिण भारत में यह समस्या इसलिए हो रही है क्योंकि युवा लोग देश के दूसरे हिस्सों में या फिर विदेश चले जा रहे हैं।

## जनता की अदालत का मतलब यह नहीं कि संसद में विपक्ष बन जाए: सीजेआई



**पणजी(एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका 'जनता की अदालत' के रूप में बनाए रखना चाहिए। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय को संसद में विपक्ष की भूमिका निभानी पड़े। दक्षिण गोवा में सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी सम्मेलन में बोलते हुए उन्हें ये बातें कही हैं। न्यायामूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जब समाज बढ़ता है समृद्ध और संपन्न होता है, तो ऐसी धारणा बनती है कि आपको केवल बड़ी-बड़ी चीजों पर ही ध्यान देना चाहिए। हमारा न्यायालय ऐसा नहीं है। हमारा न्यायालय जनता की अदालत है और मुझे लगता है कि लोगों की अदालत के रूप में शीर्ष न्यायालय की भूमिका को भविष्य के लिए संरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अब, जनता की अदालत होने का मतलब यह नहीं है कि हम संसद में विपक्ष की भूमिका निभाएं।''

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मुझे लगता है, विशेष रूप से आज के समय में, उन लोगों के बीच एक बड़ा विभाजन है जो सोचते हैं कि जब आप उनके पक्ष में निर्णय देते हैं तो उच्चतम न्यायालय एक अद्भुत संस्था है, और जब आप उनके खिलाफ निर्णय देते हैं तो यह एक ऐसी संस्था है जो बदनाम है।' न्यायमूर्ति ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है क्योंकि आप परिणामों के परिप्रेक्ष्य से शीर्ष न्यायालय की भूमिका या उसके काम को नहीं देख सकते हैं। व्यक्तिगत मामलों का नतीजा आपके पक्ष में या आपके खिलाफ हो सकता है। न्यायाधीशों को मामला-दर-मामला आधार पर स्वतंत्रता की भावना के साथ निर्णय लेने का अधिकार है।÷ उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को कानूनी सिद्धांत की असंगतता या त्रुटि के लिए न्यायालय की आलोचना करने का अधिकार है।प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मैं आश्वस्त हूं कि न्यायाधीशों को इससे कोई परेशानी नहीं है, लेकिन समस्या तब होती है जब वही लोग देखते हैं कि अदालत एक विशेष दिशा में जा रही है और वे सभी इसकी आलोचना करने को तत्पर हो जाते हैं क्योंकि परिणाम आपके खिलाफ गया है।''

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, उग्रवादियों ने पुलिस स्टेशन पर किया हमला

इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिले में उग्रवादियों ने एक बार फिर हिंसक हमला किया है। बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन पर उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं और बम फेंके। यह घटना असम सीमा के पास स्थित एक स्कूल को जलाए जाने के एक दिन बाद शनिवार सुबह हुई। उग्रवादियों ने अल सुबह पुलिस थाने पर अंधाधुंध फायरिंग की और हथियार लूट ले गए, जिसका सुरक्षाबलों ने तुरंत जवाब भी दिया। हालांकि, इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के अनुसार, उग्रवादियों ने आधुनिक हथियारों से हमला किया और बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले एक गांव को निशाना बनाया। इस दौरान सीआरपीएफ और पुलिसकर्मियों ने भी भारी गोलीबारी की। घटना के बाद इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं और बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है। इस घटना को लेकर मणिपुर के पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने कहा कि पुलिस सुरक्षा बलों से लूटे गए हथियारों को बरामद करने के प्रयास कर रही है।

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 अक्टूबर को गुजरात दौरे पर आएंगे


अहमदाबाद। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दिवाली से पहले गुजरात दौरे पर आ रहे हैं। 22 अक्टूबर की सुबह अमित शाह गुजरात आएंगे और आणंद के मेहमान बनेंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 31 अक्टूबर को साळंगपुर हनुमानजी मंदिर में होने वाले मारुति यज्ञ में भाग लेंगे। जानकारी के मुताबिक अमित शाह 22 अक्टूबर को वह आणंद के मेहमान होंगे और एनडीडीबी के डायमंड जुबली समारोह के साथ-साथ अमूल के संस्थापक त्रिभुवनदास पटेल की जयंती में भी शामिल होंगे। आपको बता दें कि 22 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का जन्मदिन भी है। अपने जन्मदिन पर गृह मंत्री एनडीडीबी के अतिथि होंगे। एनडीडीबी के डायमंड जुबली समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी, मंत्री जगदीश विश्वकर्मा समेत अन्य मंत्री, नेता और नेता भी मौजूद रहेंगे।


# एक तीर से दो शिकार करना चाहता था भारत: कनाडाई उच्चायुक्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कनाडाई उच्चायुक्त ने भारत के खिलाफ जहर उगला है। कनाडा के उच्चायुक्त कैमरॉन मैके ने कहा कि भारत एक तीर से दो शिकार करना चाहता था लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया। भारत एक साथ कनाडा, उत्तर अमेरिका और यूएसए में निशाना साध रहा था। वहीं निज्जर की हत्या और खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश एक ही प्लॉट का हिस्सा हैं। बता दें कि कैमरॉन अब भी भारत में उच्चायुक्त के पद पर हैं।

मैके ने कनाडा के सरकारी एजेंसी को शनिवार को बताया, जिस तरह के अमेरिका ने भारत पर आरोप लगाए हैं उससे पता चलता है कि नई दिल्ली से ही एक ही प्लॉट के तहत निज्जर और पन्नू की हत्या की साजिश की गई थी। ऐसे में कनाडा और अमेरिका के सबूतों को एक साथ रखा जा सकता है। इससे पता चल जाएगा कि बीते एक साल से क्या चल रहा है। मैके ने कहा कि भारत ने बड़ी रणनीतिक भूल कर दी है। वह सोचता है कि कुछ एजेंट उत्तर अमेरिका में हिंसा करेंगे और फिर बच जाएंगे। मैं कनाडा और अमेरिका दोनों की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि रेड लाइन भारत ने क्रॉस कर दी है।बता दें कि अमेरिका ने आरोप लगाया था कि रॉ के लिए काम करने वाले विकास यादव ने पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। एफबीआई ने उन्हें मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में रखा है। वहीं इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि विकास यादव पहले ही रॉ से अलग हो चुके हैं। वहीं किडनैपिंग और उगाही के आरोप में उन्हें दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था।

पहली बार ऐसा हुआ है कि कनाडा के किसी राजनयिक ने इस तरह के आरोप भारत पर लगाए हैं। बता दें कि बीते साल जून में कनाडा में ही खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। वहीं अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप अमेरिका ने भारत पर लगाया है। भारत ने इन सभी आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिए हैं।बता दें कि मैके के उप उच्चायुक्त स्टेवार्ट व्हीलर का भी नाम उन राजनयिकों में शामिल है जिन्हें भारत से निष्कासित किया गया है। वहीं नई दिल्ली ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को कनाडा से वापस बुला लिया है। कनाडा की सरकार ने उन्हें निष्कासित करने की बात कही थी। भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा भी कनाडा छोड़ चुके हैं।





# भूल भुलैया 3-सिंघम अगेन के टकराव से नाखुश हैं बज्मी? रोहित शेट्टी की फिल्म को लेकर कहा

**निर्देशक अनीस बज्मी वर्तमान में अपनी फिल्म भूल भुलैया 3 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। हॉरर कॉमेडी फेंचाइजी की तीसरी किस्त में रूह बाबा के रूप में कार्तिक आर्यन की वापसी है। फिल्म में कार्तिक, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित नेने के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे।**

भूल भुलैया 3, 1 नवंबर, 2024 को अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन के साथ टकराने के लिए तैयार है। इस टकराव पर अब अनीस बज्मी ने खुलकर बात की है। साथ ही अपने बयान से हर का ध्यान आकर्षित करते नजर आए हैं। एक हालिया इंटरव्यू में अनीस बज्मी ने कहा कि वह रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन को देखने वाले पहले व्यक्ति होंगे। अनीस बज्मी ने साफ किया कि दो बड़ी फिल्में पहले भी एक ही दिन रिलीज हुई हैं और सफल भी रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन दोनों ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेंगी।

अनीस बज्मी ने कहा, मैं क्लैश जैसे शब्दों पर विश्वास नहीं करता। सिंघम अगेन से जुड़े बहुत से लोग मेरे दोस्त हैं। मुझे यकीन है कि उन्होंने जबर्दस्त एक्शन वाली एक महंगी फिल्म बनाई है। मैं सिंघम अगेन देखने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक दोनों फिल्में देखेंगे। उसी बातचीत में, अनीस ने आगे खुलासा किया कि क्या उन्होंने भूल भुलैया 2 के बाद तीसरी किस्त में तब्बू को कास्ट करने पर विचार किया। निर्देशक ने कहा, तब्बू जी एक शानदार अभिनेत्री और मेरी प्रिय मित्र हैं। भूल भुलैया 2 की सफलता में उनके प्रदर्शन की बहुत बड़ी भूमिका थी। लेकिन वह बिंदु जहां मैंने उनके किरदार को छोड़ दिया था, उसे आगे ले जाना उचित नहीं होगा। आकाश कौशिक द्वारा लिखित और अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित भूल भुलैया 3 दिवाली 2024 के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, राजपाल यादव, तृप्ति डिमरी, विजय राज, संजय मिश्रा और अश्विनी कालसेकर जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में हैं। कथित तौर पर भूल भुलैया 3 का बजट 150 करोड़ रुपये है।



# आलिया भट्ट ने कृति सेनन को उनके प्रोडक्शन की पहली फिल्म दो पत्ती के लिए दी बधाई

आलिया भट्ट फिलहाल जिगरा में नजर आ रही हैं, जिसमें उनके साथ वेदांग रैना भी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म को मिले-जुले रिव्यू मिल रहे हैं। इस बीच आलिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कृति सेनन को उनके प्रोडक्शन की पहली फिल्म दो पत्ती के लिए बधाई दी और साथ ही एक खास नोट भी लिखा। हाल ही में मेकर्स ने दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज किया। प्रशंसकों को दो पत्ती का सस्पेंस से भरपूर ड्रामा काफी पसंद आ रहा है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ट्रेलर साझा किया और लिखा, आपके पहले प्रोडक्शन के लिए बधाई-कृति सेनन। इसे देखने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती। दो पत्ती इस साल की सबसे प्रतीक्षित रिलीज में से एक है। इस फिल्म में काजोल एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी, जबकि कृति इस फिल्म में डबल रोल में नजर आएंगी। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित, दो पत्ती को कृति और कनिका ढिल्लन द्वारा समर्थित किया गया है। देवीपुर में सेट, दो पत्ती रहस्य, रोमांच और ड्रामा से भरपूर एक मर्डर मिस्ट्री के इर्द-गिर्द घूमती है। काजोल एक पुलिस वाली की भूमिका में हैं, जिसे एक मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने का काम सौंपा जाता है, जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, दर्शकों को कृति की सौम्या और शहीर शेख की ध्रुव से मिलवाया जाता है। यह जोड़ा एक-दूसरे से बहुत प्यार करता है, लेकिन जब सौम्या की जुड़वां बहन तस्वीर में आती है तो कहानी एक अलग मोड़ लेती है। उनके निजी और वैवाहिक जीवन में तबाही मचा जाती है, जिससे चीजें बिगड़ जाती हैं। कहानी इस बात के इर्द-गिर्द घूमती है कि कैसे ध्रुव को हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार किया जाता है और कैसे काजोल जुड़वां बहनों के मामले को सुलझाती है। दो पत्ती से कृति और कनिका ढिल्लन ने निर्माता के रूप में अपनी शुरुआत की हैं। कनिका ने एक इंटरव्यू में कहा, दो पत्ती एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट है और अपने दर्शकों को एक बेहतरीन कहानी देने से बड़ी संतुष्टि और कुछ नहीं हो सकती, जो रोमांचकारी और देखने में काफी दिलचस्प हो। इस फिल्म में आप कृति को एक ऐसे अवतार में देखेंगे, जो रोमांच से भरा होगा, जिसे आपने पहले कभी अनुभव नहीं किया होगा। वहीं काजोल को लेखक-निर्माता के रूप में देखना बहुत खुशी की बात है।



# पिता मुकेश गौतम के लिए बेहद खुश और भावुक हैं यामी गौतम

अभिनेत्री यामी गौतम अपने पिता मुकेश गौतम के राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने से बेहद खुश हैं। सोशल मीडिया पर अपने पिता की प्रशंसा करने के बाद अभिनेत्री ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर पिता के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ दो तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर यामी गौतम ने बताया कि वह अपने पिता के राष्ट्रीय पुरस्कार पाने पर काफी खुश हैं। इसके साथ ही वह इस पल को लेकर वह भावुक भी हैं। यामी गौतम के पिता मुकेश गौतम ने अपनी फिल्म बागी दी धी के लिए सर्वश्रेष्ठ पंजाबी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अभिनेत्री ने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा 'काश मैं बता पाती कि इस समय मेरा दिल कितना खुश और भावुक है।' 'मेरे पिता मुकेश गौतम का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतना, इस बात का सच्चा प्रमाण है कि समय की कसौटी पर खरा उतरने और इसे साकार करने के लिए आपको किसी और की नहीं बल्कि अंतरात्मा की जरूरत होती है।' 'मेरे पिता की नैतिकता, काम के प्रति जुनून और जीवन में ईमानदारी उनकी सबसे बड़ी संपत्ति है और उनके बच्चों के लिए सबसे महत्वपूर्ण विरासत भी है।' यामी ने बताया 'मेरे सबसे अच्छे मार्गदर्शक होने से लेकर ट्रेन में अकेले चढ़ने के लिए सबसे स्पष्ट निर्देश देना हो, सफर के दौरान उनके कुछ सबसे यादगार अनुभव, चाहे कितनी भी कठिन परिस्थितियां रही हों, अपना सर्वश्रेष्ठ देने की क्षमता, हर हाल में खुश रहना हमें आपने ही सिखाया।





# अंकिता लोखंडे ने बताया सेल्फ लव है सबसे बेहतरीन

टीवी जगत की खूबसूरत अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने हाल ही में साड़ी में सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा की हैं। लेटेस्ट पोस्ट में उन्होंने एक वीडियो शेयर की है। पवित्र रिश्ता की अर्चना ने बताया कि सेल्फ लव सबसे बेहतरीन तरह का प्यार है। इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो साझा कर पवित्र रिश्ता से घर-घर लोकप्रिय हुई अंकिता लोखंडे ने कैप्शन में लिखा 'सेल्फ लव सबसे बेहतरीन तरह का प्यार है, मैं जैसी हूं, बिल्कुल वैसी ही हूं और सेल्फ लव मुझ पर अच्छा लगता है। साथ ही उन्होंने लिखा, सेल्फ लव स्वार्थ नहीं है, यह महत्वपूर्ण है और सेल्फ लव मुझ पर अच्छा लगता है। साड़ी के साथ अंकिता ने मुलायम, कर्ल बालों को स्टाइल किया, जो उन पर काफी फब रहा है। वीडियो के अलावा अंकिता ने कुछ खूबसूरत साड़ी की तस्वीरें भी साझा कीं, इसमें एक्ट्रेस पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीरों में टीवी कलाकार खूबसूरत लग रही हैं। सोशल मीडिया पर प्रशंसक अंकिता की तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। प्रशंसकों ने कमेंट सेक्शन को अंकिता लोखंडे की प्रशंसा से भर दिया। वर्ष 1984 में जन्मीं अंकिता लोखंडे को पवित्र रिश्ता से घर-घर पहचान मिली। शो में उनका नाम अर्चना था और उनके साथ लीड रोल में सुशांत सिंह राजपूत थे।

# सेंसर बोर्ड से पास हुई कंगना रनौत की इमरजेंसी, जल्द होगा प्रदर्शन तिथि का ऐलान

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर हुए विवाद की वजह से फिल्म की रिलीज टाल दी गई थी। ये फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होनी थी लेकिन सिख समुदाय की आपत्ति की वजह से इसे टाल दिया गया था। मामला कोर्ट में था। हालांकि, अब कंगना और उनके फैंस के लिए खुशी की खबर ये है कि फिल्म को सेंसर बोर्ड ने हरी झंडी दे दी है। फिल्म की रिलीज की तारीख अब जल्द ही तय होगी। कंगना रनौत ने एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिल गया है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए लिखा, हमें ये बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमें सेंसर बोर्ड से हमारी फिल्म इमरजेंसी के लिए सर्टिफिकेट मिल गया है। हम जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करेंगे। आपके सब्र और सपोर्ट के लिए शुक्रिया। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर ये बताया गया था कि फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन फिल्म पर सिख समुदाय ने आपत्ति की थी, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया था। मामला मध्य प्रदेश की हाईकोर्ट तक पहुंच गया। इसके बाद फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी गई। जानकारी के मुताबिक सेंसर बोर्ड ने फिल्म को सर्टिफिकेट देने के लिए कुछ शर्तें भी रखी थीं, और कुछ सीन में आपत्ति जताते हुए मेकर्स को कुछ उनमें बदलाव के लिए सुझाव भी दिए थे।






# श्रद्धा कपूर नहीं कियारा आडवाणी और शरवरी वाघ होंगी धूम 4 का हिस्सा

धूम फेंचाइजी की चौथी किस्त धूम 4 उत्साह की लहर पैदा कर रही है। हालांकि, आधिकारिक घोषणा का अभी भी इंतजार है। रणबीर कपूर के एक्शन से भरपूर फेंचाइजी में शामिल होने की अफवाहों के साथ यह फिल्म कई महीनों से चर्चा का विषय बनी हुई है। शुरुआती रिपोर्टों में सुझाव दिया गया था कि श्रद्धा कपूर को उनकी को-स्टार के रूप में लिया जा सकता है, जिससे चर्चा पैदा हो सकती है। यह जोड़ी साल 2023 में तू झूठी मैं मक्कार में अपनी ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री से धमाल मचा चुकी है। हालांकि, नवीनतम अफवाहें एक अलग कास्टिंग लाइनअप का सुझाव देती हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, श्रद्धा कपूर अब धूम 4 की दौड़ में नहीं हैं। श्रद्धा के बजाए कियारा आडवाणी और शरवरी वाघ को फिल्म की प्रमुख महिलाओं के रूप में माना जा रहा है। इसमें एक अभिनेत्री कॉप और दूसरी खलनायक की भूमिका में नजर आएंगी। रिपोर्ट से ये साफ नहीं हो सका है कि कौन सी अभिनेत्री पुलिसवाली और कौन सी खलनायक की भूमिका निभाएंगी। वहीं, इन रिपोर्ट्स पर अभी आधिकारिक मुहर लगना भी बाकी है।

### सोशल मीडिया यूजर्स ने दी प्रतिक्रिया

प्रशंसकों ने अपनी राय व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया, कुछ ने शरवरी वाघ की संभावित भागीदारी के लिए उत्साह दिखाया, जबकि अन्य ने कियारा आडवाणी की कास्टिंग पर निराशा व्यक्त की। एक यूजर ने कियारा की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी लोकप्रियता के बावजूद उनकी भूमिकाओं में दोहराव महसूस होता है। दूसरी ओर, ऐसा लगता है कि शरवरी के नाम पर अधिक सकारात्मक प्रतिक्रियाएं आई हैं, कई लोग उन्हें धूम जैसी प्रमुख फेंचाइजी में देखने के लिए उत्सुक हैं।





# तुम बिन 2 से उम्मीदें थीं, किस्मत ने साथ नहीं दिया

**एक्टर आदित्य सील हाल ही में फिल्म अमर प्रेम की प्रेम कहानी में नजर आए। एक्टर की मानें तो फिल्म इंडस्ट्री में टिके रहना और कामयाबी हासिल करना आसान नहीं होता। हाल ही में आदित्य ने अपने करियर के मुश्किल पलों, असफलताओं और सक्सेस के सफर पर बात की।**

तुम बिन 2 से उन्हें काफी उम्मीदें थीं आदित्य ने बताया कि उनकी फिल्म तुम बिन 2 से उन्हें काफी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर वो कमाल नहीं किया जिसकी उम्मीद थी। उन्होंने कहा, जब तुम बिन 2 आई, तो उस समय मुझे लगा था कि अब मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट आ गया है। फिल्म में सबकुछ सही था ङ्क हमारे डायरेक्टर अनुपम सिन्हा थे, प्रोड्यूसर टी-सीरीज था, म्यूजिक भी बहुत बढ़िया था। पुराना गाना तेरी फरियाद भी रीक्रिएट किया गया था। लेकिन बदकिस्मती से, फिल्म नोटबंदी के समय रिलीज हुई। इसका हमें बड़ा नुकसान हुआ। उस वक्त, मुझे लगा कि किस्मत ने साथ नहीं दिया, जबकि फिल्म में मेरा परफॉर्मेंस अच्छा था।

### फिल्म रिलीज के बाद का स्ट्रगल

तुम बिन 2 के बाद रिजेक्शन से निपटना आदित्य के लिए कठिन रहा। उन्होंने कहा, उस फिल्म से मेरे परिवार और मुझसे बहुत उम्मीदें थीं। मैं सोच रहा था कि अब शायद ऑडिशन देने की जरुरत नहीं पड़ेगी, और काम आसानी से मिलना शुरू हो जाएगा। लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ, तो मुझे समझ नहीं आया कि कैसे डील करूं। घर पर रहना और परिवार से बात करना मुश्किल हो गया था। मैं पूरा दिन बाहर रहता था, रात को देर से घर आता था ताकि मां-पापा से सामना न हो। मुझे डर था कि कहीं घरवालों में से कोई कह दे कि हमने गलत फैसला लिया, और ये बात मुझे तोड़ देती।

### उस वक्त किसी भी तरह का निगेटिविटी नहीं झेल सकता था

उन्होंने आगे कहा, मैं पूरा दिन घर से बाहर रहता, सड़कों पर घूमता या दोस्तों को कॉल करता। अगर कोई फ्री होता, तो मिल लेता। नहीं तो गाड़ी में बैठकर कहीं कुछ खाने चला जाता। मुझे पता था कि घर जाना मतलब रिजेक्शन सुनना। मैं उस वक्त किसी भी तरह का निगेटिविटी नहीं झेल सकता था। लेकिन मुझे ये भी पता था कि कुछ और मुझे करना नहीं आता, और एक्टिंग ही मेरी जिंदगी है। मेरी मां बहुत चिंता करती थीं, लेकिन पापा ने मुझे समझाया कि मैं अच्छा काम कर रहा हूं और मुझे बस लगे रहना चाहिए। पापा के इन शब्दों ने मुझे वो हिम्मत दी, जिसकी मुझे सख्त जरूरत थी। उन्होंने कहा कि तू बस अपना काम करता रह, बाकी चीजों की टेंशन मत ले। ये सुनने के बाद मैंने खुद को संभाला और फिर से कोशिश शुरू की।

### स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 बना टर्निंग पॉइंट

आदित्य के करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर 2 साबित हुआ। इस फिल्म को हासिल करने का उनका सफर भी काफी दिलचस्प रहा। उन्होंने कहा, जब स्ह्रअङ्ग 2 की कास्टिंग चल रही थी, तो मुझे लगा था कि किसी और को कास्ट कर लिया गया है। मुझे ऑडिशन पाने के लिए भी काफी मेहनत करनी पड़ी। लेकिन जब मुझे ऑडिशन का मौका मिला, तो मैंने पूरी मेहनत से दिया। फिर पुनीत मल्होत्रा (डायरेक्टर) से मिला, और उन्होंने मेरा ऑडिशन देखकर कहा कि मुझे पसंद आया, लेकिन आखिर फैसला करण जौहर का होगा।

### करण जौहर का फैसला

आदित्य ने बताया कि कुछ दिन बाद न्यूज में पढ़ा कि किसी और एक्टर को कास्ट कर लिया गया है। उन्होंने पुनीत और करण सर को मैसेज किया और कहा कि अगर ऐसा है तो मुझे साफ-साफ बता दीजिए। लेकिन करण ने जवाब दिया, तू फाइनल है मेरे लिए। उस वक्त पेपर पर साइन नहीं हुए थे, लेकिन करण सर के उस एक लाइन ने मुझे बहुत राहत दी।

### स्क्रीन पर खलनायक बनने का सपना

आदित्य ने अपने ड्रीम रोल के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, मैं संजय दत्त साहब की फिल्म खलनायक के बल्लू बलराम वाले रोल से बहुत इंस्पायर हूं। मुझे हमेशा से वो किरदार करना है। बचपन से ही इस रोल को देखकर बड़ा हुआ हूं, और ये मेरा ड्रीम रोल है।



# कार्तिक मास में क्या करना चाहिए और क्या करने से बचना चाहिए

कार्तिक मास चल रहा है। इस माह में विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा के साथ ही यम, धन्वंतरि, गोवर्धन, श्रीकृष्ण, चित्रगुप्त आदि की पूजा का महत्व होता है। इस माह में एक साथ समस्त देवी-देवताओं को प्रसन्न किया जा सकता है। आओ जानते हैं कि इस माह में क्या करना चाहिए और क्या नहीं जानते हैं।

**पीपल पूजा** : पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी का पीपल के वृक्ष पर निवास रहता है। पूर्णिमा के दिन जो भी जातक मीठे जल में दूध मिलाकर पीपल के पेड़ पर चढ़ाता है उस पर मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है।

**चावल का दान** : कार्तिक मास में गरीबों को चावल दान करने से चन्द्र ग्रह शुभ फल देता है।

**शिवलिंग पूजा** : इसी तरह इस माह शिवलिंग पर कच्चा दूध, शहद व गंगाजल मिला कर चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं।

**द्वार श्रृंगार और पूजा** : कार्तिक मास के प्रमुख पर्वों पर घर के मुख्यद्वार पर आम के पत्तों का तोरण बांधें।

**उपहार** : इस माह पत्नी या किसी नन्ही बच्ची को उपहार दें।

**रंगोली** : कार्तिक मास में माह भर द्वार पर रंगोली जरूर बनाएं। इससे विशेष समृद्धि के योग बनते हैं। नवग्रह प्रसन्न होते हैं।

### ये कार्य न करें

- शादीशुदा व्यक्ति कार्तिक मास में शारीरिक संबंध न बनाएं वरना चन्द्रमा के दुष्प्रभाव आपको व्यथित करेंगे।
- इस माह में मांसाहार, शराब और मछली आदि तामसिक भोजन नहीं करना चाहिए।
- इस माह में बैंगन, दही, करेला और जीरा नहीं खाना चाहिए। मूली खाना फायदेमंद होगा।
- दलहन (दालों) खाना निषेध- कार्तिक महीने में द्विदलन अर्थात उड़द, मूंग, मसूर, चना, मटर, राई आदि नहीं खाना चाहिए।



# घर लाएं मिट्टी की ये खास वस्तुएं

**चमक जाएगी किस्मत, घर लाएं मिट्टी ना सिर्फ मन को सुवासित करती है बल्कि इसके बर्तन, खिलौने और सामग्री अगर घर में लाकर रखी जाए तो जिंदगी भी महक सकती है। मिट्टी से बनी चीजें सुख, सौभाग्य और समृद्धि की कारक होती हैं। मिट्टी का उपयोग हमारे जीवन को भाग्यशाली बना सकता है।**

- हर व्यक्ति को मिट्टी या भूमि तत्व के पास ही रहना चाहिए।
- वास्तुशास्त्र के अंतर्गत भी मिट्टी को महत्वपूर्ण कहा गया है। मिट्टी के घड़े से पानी पीना या घर में मिट्टी के बर्तन रखना अत्यंत लाभदायक माना गया है।
- ऐसा करने से आसपास सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बना रहता है। लेकिन ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मिट्टी के कुछ बर्तन ऐसे हैं जो हर घर में होने ही चाहिए। जो लोग चाहते हैं कि उनके जीवन में सुख-समृद्धि और सफलता हमेशा बरकरार रहे उन लोगों को कुछ विशेष प्रकार के मिट्टी के बर्तन अपने घर में रखने चाहिए।
- मिट्टी के इन उपयोगी बर्तनों में सबसे पहला नाम है घड़े का।
- बहुत से परिवारों में घड़े का पानी पिया जाता है, घड़े का पानी पीने से बुध और चंद्रमा का प्रभाव शुभ होता है।
- यहां तक कि विज्ञान भी यह मानता है कि घड़े का पानी सेहत के लिए अत्यंत लाभकारी होता है।
- अगर आपके घर में घड़ा हैं तो इसे अपने घर की उत्तर-पूर्वी दिशा में ही रखें। यह आपके घर और आसपास के वातावरण की सभी नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करता है।
- परिवार में सुख और समृद्धि के मार्ग भी खुल जाते हैं।
- घर में कोई व्यक्ति तनाव ग्रस्त हैं या मानसिक रूप से परेशान है तो आप उन्हें माटी के घड़े से किसी भी पौधे को पानी देने के लिए कहें।
- लस्सी और चाय कुल्हड़ में पीने का मजा ही कुछ और है, लेकिन मिट्टी से बने ये गिलास मंगल ग्रह के दुष्प्रभाव से भी मुक्ति दिलवाते हैं।
- इसलिए जो लोग मंगल के कोप से प्रभावित है, उन्हें कोई भी पेय पदार्थ कुल्हड़ में ही पीने चाहिए।
- हर शनिवार के दिन किसी कुल्हड़ में पानी भरकर पीपल के पेड़ के नीचे रखने से करियर में लाभ मिलेगा।
- कुल्हड़ में पानी भरकर अपनी छत पर भी प्यासे पक्षियों के लिए रख सकते हैं, इससे अगर आप नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो आपकी तलाश जल्द पूरी होगी।
- मिट्टी से बनी भगवान की मूर्ति को घर में रखने से भी आपकी धन संबंधी परेशानियां तो दूर होती ही हैं, साथ ही धन की स्थिरता भी बनी रहती है।
- जो लोग धन संबंधी परेशानियां झेल रहे हैं उन्हें हर शनिवार मिट्टी का दीया पीपल के पेड़ के नीचे जलाना चाहिए।
- अगर किसी व्यक्ति के दांपत्य जीवन में परेशानियां चल रही हैं तो उसे नियमित तौर पर तुलसी के पौधे पर मिट्टी का दीया जलाना चाहिए।
- नि:संतान स्त्री या पुरुष को चार मुंह वाले दीये में चार लौ लगाकर श्रीकृष्ण की मूर्ति के आगे प्रज्वलित करना चाहिए।
- मिट्टी से बनी विभिन्न वस्तुओं या खिलौनों का ड्राइंग रूम में प्रयोग करने से धन की आवक बढ़ती है।



# इन पुष्पों से करें श्री हरि का पूजन

कार्तिक मास चल रहा है। इस माह की समाप्ति कार्तिक पूर्णिमा के दिन यानी को होगी। इस महीने में विशेष तौर पर भगवान श्री विष्णु का पूजन करने की मान्यता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार कार्तिक माह भगवान श्रीहरि का महीना माना गया है। मान्यतानुसार जो भक्त कार्तिक मासपर्यंत निम्न पुष्पों से भगवान श्री हरि विष्णु का पूजन करते हैं, उनके जन्म-जन्मांतर के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इतना ही नहीं देवउठनी एकादशी या हरि प्रबोधिनी एकादशी के दिन तो अवश्य ही इन पुष्पों से श्री नारायण का पूजन करना चाहिए। इन पुष्पों के साथ ही तुलसी दल से पूरे कार्तिक मास में विष्णु पूजन करने से मनुष्य को सभी तरह के सुख और चारों दिशाओं से समृद्धि की प्राप्ति होती है।

जानिए किन पुष्पों से करें विष्णु पूजन

- कार्तिक मास में जो मनुष्य तुलसी से भगवान का पूजन करते हैं, उनके 10,000 जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं।
- जो मनुष्य वकुल और अशोक के फूलों से भगवान विष्णु का पूजन करते हैं, वे सूर्य-चंद्रमा रहने तक किसी प्रकार का शोक नहीं पाते।
- जो मनुष्य अगस्त्य के पुष्प से भगवान विष्णु का पूजन करते हैं, उनके आगे इंद्र भी हाथ जोड़ता है। तपस्या करके संतुष्ट होने पर हरि भगवान जो नहीं करते, वह अगस्त्य के पुष्पों से भगवान को अलंकृत करते हैं।
- कार्तिक मास में तुलसी दर्शन करने, स्पर्श करने, कथा कहने, नमस्कार करने, स्तुति करने, तुलसी रोपण, जल से सींचने और प्रतिदिन पूजन-सेवा आदि करने से हजार करोड़ युगपर्यंत विष्णुलोक में निवास करते हैं।
- जो मनुष्य तुलसी का पौधा लगाते हैं, उनके कुटुम्ब से उत्पन्न होने वाले प्रलयकाल तक विष्णुलोक में निवास करते हैं।
- जो मनुष्य कार्तिक मास में तुलसी का रोपण करता है और रोपी गई तुलसी जितनी जड़ों का विस्तार करती है उतने ही हजार युगपर्यंत तुलसी रोपण करने वाले सुकृत का विस्तार होता है।
- जिस किसी मनुष्य द्वारा रोपी गई तुलसी से जितनी शाखा, प्रशाखा, बीज और फल पृथ्वी में बढ़ते हैं, उसके उतने ही कुल जो बीत गए हैं और होंगे, वे 2,000 कल्प तक विष्णुलोक में निवास करते हैं।
- जो मनुष्य कदम्ब के पुष्पों से श्रीहरि का पूजन करते हैं, वे कभी भी यमराज को नहीं देखते।
- जो भक्त गुलाब के पुष्पों से भगवान विष्णु का पूजन करते हैं, उन्हें मुक्ति मिलती है।
- जो मनुष्य सफेद या लाल कनेर के फूलों से भगवान का पूजन करते हैं, उन पर भगवान अत्यंत प्रसन्न होते हैं।
- जो मनुष्य भगवान विष्णु पर आम की मंजरी चढ़ाते हैं, वे करोड़ों गायों के दान का फल पाते हैं।
- जो मनुष्य दूब के अंकुरों से भगवान की पूजा करते हैं, वे 100 गुना पूजा का फल ग्रहण करते हैं।
- जो मनुष्य विष्णु भगवान को चंपा के फूलों से पूजते हैं, वे फिर संसार में नहीं आते।
- पीले रक्त वर्ण के कमल पुष्पों से भगवान का पूजन करने वाले को श्वेत द्वीप में स्थान मिलता है।
- जो भक्त विष्णुजी को केतकी के पुष्प चढ़ाते हैं, उनके करोड़ों जन्म के पाप नष्ट हो जाते हैं।
- जो मनुष्य शमी के पत्र से भगवान की पूजा करते हैं, उनको महाघोर यमराज के मार्ग का भय नहीं रहता।
- कार्तिक मास में जो मनुष्य बिल्व पत्र से भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, वे मुक्ति को प्राप्त होते हैं।



# कार्तिक मास में बरसेंगे भगवान विष्णु के आशीर्वाद, जानें तुलसी पूजा के लाभ

कार्तिक माह भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का महीना है। इस महीने में दोनों की पूजा के साथ ही तुलसी पूजा का खास महत्व होता है। माता लक्ष्मी और तुलसी की पूजा करने से भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस माह की देवउठनी ग्यारस एकादशी पर तुलसी करने का खासा महत्व है।

*महाप्रसाद जननी, सर्व सौभाग्यवर्धिनी*
*आधि व्याधि हरा नित्यं,*
*तुलसी त्वं नमोस्तुते।।*

- भगवान विष्णु को तुलसीजी बहुत ही प्रिय हैं। कार्तिक मास में तुलसीजी का पूजा करने से विशेष पुण्य लाभ मिलता है और जीवन से सारे दुख-संकट दूर हो जाते हैं।
- शालिग्राम के साथ तुलसीजी की पूजा ऐसा करने से अकाल मृत्यु नहीं होती है।
- कार्तिक मास में तुलसीजी की पूजा करके इसके पौधे का दान करना श्रेष्ठ माना गया है।
- कार्तिक माह में तुलसी के पौधे को हर गुरुवार को कच्चे दूध से सींचना चाहिए। इससे माता तुलसी प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं।
- कार्तिक महीने में प्रतिदिन शाम को तुलसी के पौधे के सामने दीपक जलाकर रखना चाहिए। इसे पुण्य की प्राप्ति होती है और घर में सुख शांति बनी रहती है।
- कार्तिक में ब्रह्म मुहूर्त में उठकर तुलसी को जल चढ़ाने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है।
- तुलसी की पूजा और इसके सेवन से हर तरके रोग और शोक मिट जाते हैं और सौभाग्य में वृद्धि होती है।



# घर की उत्तर ईशान की दीवारों का रंग ऐसा रखें


रंगों का हमारे जीवन में बहुत बहुत असर होता है। वास्तु के अनुसार ही घर के पर्दे, चादर, कपड़े और दीवारों तक का रंग होना चाहिए। यदि आप इसका ध्यान रखते हैं तो आने वाली बहुत-सी परेशानियों से बच जाएंगे। वास्तु के अनुसार घर की उत्तर और ईशान दिशा महत्वपूर्ण होती है।

### उत्तर की दीवार

- घर का उत्तर का भाग जल तत्व प्रधान होता है। इसे धन और लक्ष्मी का स्थान भी कहा जाता है अत: इस स्थान को स्वच्छ, पवित्र और खाली रखना चाहिए।
- वास्तु के अनुसार इसकी साज-सजा में हल्के हरे रंग या पिस्ता हरे रंग का प्रयोग किया जाना चाहिए। हालांकि आप आसमानी रंग का प्रयोग भी कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होता है।
- यदि यहां अन्य किसी भी प्रकार के गहरे रंगों का प्रयोग किया तो आर्थिक हानि तो होगी ही, साथ ही अन्य परेशानियां भी खड़ी हो सकती हैं। यह दिशा हवा से जुड़ी है।

### उत्तर-पूर्व अर्थात ईशन की दीवार

- उत्तर-पूर्व को ईशान कोण कहते हैं। इस दिशा में देवता निवास करते हैं। यह भगवान शिव की दिशा भी मानी जाती है। इस दिशा में आकाश ज्यादा खुला होता है।
- इस दिशा की दीवार का रंग आसमानी, सफेद या हल्के बैंगनी रंग का होना चाहिए। हालांकि इसमें पीले रंग का प्रयोग इसलिए करना चाहिए, क्योंकि यह देवी और देवताओं का स्थान होता है।



# आखिर ऋषियों की संख्या 7 ही क्यों हैं? जानिए हर काल के 7 ऋषि कौन हैं

भारतीय ऋषियों और मुनियों ने ही इस धरती पर धर्म, समाज, नगर, ज्ञान, विज्ञान, खगोल, ज्योतिष, वास्तु, योग आदि ज्ञान का प्रचार-प्रसार किया था। दुनिया के सभी धर्म और विज्ञान के हर क्षेत्र को भारतीय ऋषियों का ऋणी होना चाहिए। उनके योगदान को याद किया जाना चाहिए। उन्होंने मानव मात्र के लिए ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षी, समुद्र, नदी, पहाड़ और वृक्षों सभी के बारे में सोचा और सभी के सुरक्षित जीवन के लिए कार्य किया।

।।सप्त ब्रह्मर्षि, देवर्षि, महर्षि, परमर्षय:।
कण्डर्षिश्च, श्रुतर्षिश्च, राजर्षिश्च क्रमावश:।।

अर्थात - 1. ब्रह्मर्षि, 2. देवर्षि, 3. महर्षि, 4. परमर्षि, 5. काण्डर्षि, 6. श्रुतर्षि और 7. राजर्षि- ये 7 प्रकार के ऋषि होते हैं इसलिए इन्हें सप्तर्षि कहते हैं।

## सप्तऋषि तारा मंडल

आकाश में 7 तारों का एक मंडल नजर आता है। उन्हें सप्तर्षियों का मंडल कहा जाता है। इसके अतिरिक्त सप्तर्षि से उन 7 तारों का बोध होता है, जो ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। उक्त मंडल के तारों के नाम भारत के महान 7 संतों के आधार पर ही रखे गए हैं। वेदों में उक्त मंडल की स्थिति, गति, दूरी और विस्तार की विस्तृत चर्चा मिलती है।

भारत में ऋषियों और गुरु-शिष्य की लंबी परंपरा रही है। ब्रह्मा के पुत्र भी ऋषि थे तो भगवान शिव के शिष्यगण भी ऋषि ही थे। प्रथम मनु स्वायंभुव मनु से लेकर बौद्धकाल तक ऋषि परंपरा के बारे में जानकारी मिलती है। हिन्दू पुराणों ने काल को मन्वंतरों में विभाजित कर प्रत्येक मन्वंतर में हुए ऋषियों के ज्ञान और उनके योगदान को परिभाषित किया है। प्रत्येक मन्वंतर में प्रमुख रूप से 7 प्रमुख ऋषि हुए हैं। विष्णु पुराण के अनुसार इनकी नामावली इस प्रकार है-

- प्रथम स्वायंभुव मन्वंतर में- मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु और वशिष्ठ।
- द्वितीय स्वारोचिष मन्वंतर में- ऊर्ज्ज, स्तम्भ, वात, प्राण, पृषभ, निरय और परीवान।
- तृतीय उत्तम मन्वंतर में- महर्षि वशिष्ठ के सातों पुत्र।
- चतुर्थ तामस मन्वंतर में- ज्योतिर्धामा, पृथु, काव्य, चैत्र, अग्नि, वनक और पीवर।
- पंचम रैवत मन्वंतर में- हिरण्यरोमा, वेदश्री, ऊर्ध्वबाहु, वेदबाहु, सुधामा, पर्जन्य और महामुनि।
- षष्ठ चाक्षुष मन्वंतर में- सुमेधा, विरजा, हविष्मान, उतम, मधु, अतिनामा और सहिष्णु।
- वर्तमान सप्तम वैवस्वत मन्वंतर में- कश्यप, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और भारद्वाज।

## भविष्य में

- अष्टम सावर्णिक मन्वंतर में- गालव, दीप्तिमान, परशुराम, अश्वत्थामा, कृप, ऋष्यश्रृंग और व्यास।
- नवम दक्षसावर्णि मन्वंतर में- मेधातिथि, वसु, सत्य, ज्योतिष्मान, द्युतिमान, सबन और भव्य।
- दशम ब्रह्मसावर्णि मन्वंतर में- तपोमूर्ति, हविष्मान, सुकृत, सत्य, नाभाग, अप्रतिमौजा और सत्यकेतु।
- एकादश धर्मसावर्णि मन्वंतर में- वपुष्मान, घृणि, आरुणि, निःस्वर, हविष्मान, अनघ और अग्नितेजा।
- द्वादश रुद्रसावर्णि मन्वंतर में- तपोद्युति, तपस्वी, सुतपा, तपोमूर्ति, तपोनिधि, तपोरति और तपोधृति।
- त्रयोदश देवसावर्णि मन्वंतर में- धृतिमान, अव्यय, तत्वदर्शी, निरुत्सुक, निर्मोह, सुतपा और निष्प्रकम्प।
- चतुर्दश इन्द्रसावर्णि मन्वंतर में- अग्नीध्र, अग्नि, बाहु, शुचि, युक्त, मागध, शुक्र और अजित।
- इन ऋषियों में से कुछ कल्पान्त-चिरजीवी, मुक्तात्मा और दिव्यदेहधारी हैं।

## शतपथ ब्राह्मण के अनुसार

1. गौतम, 2. भारद्वाज, 3. विश्वामित्र, 4. जमदग्नि 5. वसिष्ठ, 6. कश्यप और 7. अत्रि।

## महाभारत के अनुसार

1. मरीचि, 2 . अत्रि, 3. अंगिरा, 4. पुलह, 5. क्रतु, 6. पुलस्त्य और 7. वसिष्ठ सप्तर्षि माने गए हैं।

- महाभारत में राजधर्म और धर्म के प्राचीन आचार्यों के नाम इस प्रकार हैं- बृहस्पति, विशालाक्ष (शिव), शुक्र, सहस्राक्ष, महेन्द्र, प्राचेतस मनु, भरद्वाज और गौरशिरस मुनि।
- कौटिल्य के अर्थशास्त्र में इनकी सूची इस प्रकार है- मनु, बृहस्पति, उशनस (शुक्र), भरद्वाज, विशालाक्ष (शिव), पराशर, पिशुन, कौणपदंत, वातव्याधि और बहुदंती पुत्र।
- वैवस्वत मन्वंतर में वशिष्ठ ऋषि हुए। उस मन्वंतर में उन्हें ब्रह्मर्षि की उपाधि मिली। वशिष्ठजी ने गृहस्थाश्रम की पालना करते हुए ब्रह्माजी के मार्गदर्शन में उन्होंने सृष्टि वर्धन, रक्षा, यज्ञ आदि से संसार को दिशाबोध दिया।



स्वामी मुद्रक, प्रकाशक सम्पादक कृष्णा टेकड़ीवाल द्वारा डिजिटल अख़बार कंकड़बाग पटना से प्रकाशित। समाचार पत्र में किसी भी समाचार व लेख-आलेख पर सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पटना ही रहेगा। मोबाइल- 9801716267